रांची, सोमवार, 20 जनवरी 2025

संवत 2081, माघ कृष्ण 7- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 135 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ आकाश में नए द्वार खोलती भारत की अंतरिक्ष डॉकिंग

डैनी ओल्मो चोटिल, बेनफिका के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच से बाहर ◂◂ 6




## 8 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

**प्रयागराज:** पतित पावन गंगा, श्यामल यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों की संगम स्थली तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ के अवसर पर अब तक आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम तक महाकुंभ के मौके पर त्रिवेणी में आठ करोड़ 26 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। रविवार को 12 लाख 79 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगायी है। संगम की रेती पर दस लाख से अधिक श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभनगर जिला प्रशासन 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व के अवसर पर दस करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना के मद्देनजर तैयारी कर रहा है।

# मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

### ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक लगी अंतरिम रोक

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मामले को रद्द करने की मांग वाली गांधी की याचिका पर झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता से भी जवाब मांगा है। वहीं, मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस भेजा है। याचिका में झारखंड हाई कोर्ट के 22 फरवरी 2024 फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार किया था। दरअसल, बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर गृह मंत्री अमित शाह को हत्यारा कहने का आरोप है।





## शादी के बंधन में बंधे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली:** नीरज चोपड़ा ने हाल ही में अपने फैंस को एक सरप्राइज देते हुए अपनी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने 19 जनवरी को यह खुशखबरी दी और अपनी पत्नी, पूर्व अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ शादी की जानकारी दी। नीरज ने अपने पोस्ट में शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए सभी आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया और लिखा, हर आशीर्वाद के लिए आभारी हूं, जिसने हमें इस पल तक पहुंचाया। प्यार से बंधे, हमेशा खुश रहें।

नीरज की शादी एक निजी समारोह में हुई, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य और कुछ चुनिंदा लोग ही शामिल हुए। नीरज ने अपनी शादी की कुछ तस्वीरें भी शेयर की, जिनमें उनकी मां के साथ एक तस्वीर भी थी, जो उनके जीवन के नए अध्याय की शुरूआत को दशार्ती है। इस अचानक शादी के फैसले ने उनके फैंस को चौंका दिया है।

### आरजी कर हत्या-दुष्कर्म केस

# संजय रॉय को उम्रकैद होगी या फांसी? सजा का एलान थोड़ी देर में

### कोर्ट के सामने गिड़गिड़ाया संजय रॉय, कहा- मैं निर्दोष हूं

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मामले में आज सजा का एलान होगा। कोर्ट अब दोपहर 2.45 बजे अपना फैसला सुनाएगा। इससे पहले फैसला दोपहर साढ़े बजे के बाद सुनाया जाना था, लेकिन कोर्ट ने दोषी और अन्य के आखिरी बयान सुनने के बाद फैसला दोपहर 2.45 बजे तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

इससे पहले सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में संजय रॉय को कोलकाता की एक अदालत ने दोषी करार दिया था। रॉय को जिन धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया है, उसमें उसे न्यूनतम आजीवन कारावास, जबकि अधिकतम मौत की सजा हो सकती है।




फैसला सुनाने से पहले दोषी को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान संजय रॉय ने अदालत से कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है, मैने कोई अपराध नहीं किया है। इस पर सीबीआई ने कहा कि यह जघन्य अपराध है। इसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। सीबीआई के अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि हम समाज में लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए कड़ी से कड़ी सजा का अनुरोध करते हैं। मामले में पीड़िता के माता-पिता ने दोषी के लिए मौत की सजा की मांग की है। वहीं, अपनी दलील में संजय रॉय के वकील ने कहा कि दोषी को फांसी की जगह कोई और सजा दी जानी चाहिए।

**क्या है मामला? :** सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को संजय रॉय को पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या का दोषी करार दिया था। इस जघन्य अपराध के कारण देश भर में आक्रोश फैल गया था और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा था।

**10 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था :** संजय को आरजी कर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में 31 वर्षीय चिकित्सक का शव पाए जाने के एक दिन बाद 10 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत उसे दोषी ठहराया है।

**सजा का प्रावधान:** बीएनएस की धारा 64 (दुष्कर्म) के तहत कम से कम 10 साल की सजा का प्रावधान है, जो आजीवन कारावास तक हो सकती है। धारा 66 के तहत कम से कम 20 साल की सजा का प्रावधान है और यह आजीवन कारावास तक हो सकती है। बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या) के तहत दोषी को मृत्युदंड या आजीवन कारावास का प्रावधान है।

**सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी जांच:** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दी थी। न्यायाधीश ने कहा था कि रॉय का बयान दोपहर में सुना जाएगा और उसके बाद सजा सुनाई जाएगी। शनिवार को फैसला सुनाए जाने के समय रॉय ने अदालत में दावा किया था कि उसे फंसाया गया है।

# चित्तूर में हाथियों की लड़ाई से मानव जीवन पर संकट, कई लोगों की ली जान

### जंगल में संसाधनों की कमी के कारण ये हाथी मानव बस्तियों में घुस आए हैं



**चित्तूर/तिरुपति:** चित्तूर जिले के जंगल हाथियों के दो झुंडों के लिए भोजन और पानी के लिए युद्ध का मैदान बन गया है। जिससे आस-पास के ग्रामीणों के लिए संकट पैदा हो गया है। जंगल में संसाधनों की कमी के कारण ये हाथी मानव बस्तियों में घुस आए हैं। परिणामस्वरूप फसल, संपत्ति और यहां तक ??कि मानव जीवन को भी काफी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।

क्यों हो रही लड़ाई: शुरू में, 10 से 12 हाथियों का झुंड तमिलनाडु से पालमनेरू के रास्ते शेषचलम के जंगलों में चला गया। कौंडिन्य वन्यजीव अभयारण्य के नजदीकी इलाकों में बस गया। समय के साथ, पड़ोसी राज्यों से 15 हाथियों का एक और समूह इस क्षेत्र में घुस आय। जिसके बाद चारा और पानी को लेकर संघर्ष शुरू हो गया। शनिवार देर रात को हाथियों के झुंड की लड़ाई में कंदुलावरिपल्ली के उप-सरपंच और टीडीपी नेता राकेश चौधरी को कुचलकर मार डाला।

**कई लोगों की ले चुका है जान:** हाथियों के दोनों समूह में करीब 30 से 35 हाथी हैं। अक्सर क्षेत्र और संसाधनों को लेकर आपस में भिड़ते रहते हैं। जब वे जंगल में एक-दूसरे से भिड़ते हैं, तो कुछ हाथी आस-पास के गांवों की ओर भाग जाते हैं। जहां वे खेतों में लगी फसलों को नष्ट करने लगते हैं और कभी-कभी लोगों पर हमला कर देते हैं। 2011 से, चित्तूर जिले में हाथियों के हमलों ने 22 लोगों की जान ले ली है। जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

**मुआवजा और सहायता:** क्षेत्र में कुल फसलों का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है, अनुमान है कि 2015 से 2024 के बीच 233 एकड़ कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है। सरकार ने पीड़ित परिवारों और प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया है। 2018 से 2024 तक, मृतकों के परिवारों को मुआवजे के तौर पर 10-10 लाख रुपये मिले, जबकि फसल के नुकसान के लिए कुल 76।321 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। प्रशिक्षित हाथियों का सीमित उपयोग: ऐसी स्थितियों के लिए प्रशिक्षित हाथियों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में वन विभाग विफल रहा है। तिरुपति चिड़ियाघर में तैनात विनायक, जयंत, गणेश, वेंकन्ना और बालाजी जैसे हाथियों को जंगली झुंडों का प्रबंधन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है, लेकिन कथित तौर पर उनका कम उपयोग किया गया है। तिरुपति डिवीजन के उप-डीएफओ नागभूषणम ने बढ़ती घटनाओं को स्वीकार किया है। कहा कि सुरक्षात्मक उपायों पर एक रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

**स्थायी समाधान चाहते हैं ग्रामीण:** कुप्पम, पलामनेरू और पुंगनूर सहित प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण दीर्घकालिक समाधान चाहते हैं। मौजूदा उपाय अपर्याप्त साबित हो रहे हैं, क्योंकि मानव-हाथी संघर्ष लगातार बढ़ रहे हैं। कुछ किसानों का कहना है कि हाथियों के गांवों में प्रवास को कम करने के लिए वन क्षेत्र और जल स्रोतों का विस्तार करना चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों के चारों ओर बाड़ को मजबूत किया जाना चाहिए और प्रशिक्षित हाथियों की तैनाती बढ़ाना चाहिए।

## शीतलहर और कोहरे ने थामी ट्रेनों की रफ्तार, वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में



**हैदराबाद:** उत्तर भारत में ठंड का सितम जारी है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में कोहरा छाया रहा। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोहरे की चादर के बीच महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। आईएमडी के मुताबिक, मंगलवार से तापमान में मामूली बढ़ोतरी के साथ कोहरे की स्थिति कम होगी। आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ सोमा सेन रॉय ने बताया कि प्रयागराज में 20 जनवरी तक कोहरा छाए रहने की उम्मीद है।

कोहरे के कारण रेल सेवाएं बाधित: वहीं, राजधानी दिल्ली में भी घने कोहरे की चादर छाई रही, जिससे रेल सेवाएं बाधित हो गईं और 19 ट्रेनें देरी से चलीं। देरी से चलने वाली ट्रेनों में नौचंदी एक्सप्रेस (14241), वैशाली एक्सप्रेस (12553), फिर असर एक्सप्रेस (15707), एस क्रांति सुपर एक्सप्रेस (12393), अन्वित गरीब रथ (22409) और काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस (15127) शामिल थीं। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों का नवीनतम शेड्यूल जरूर देख लें।

**ठंड और प्रदूषण की दोहरी मार:** दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी है और आज सुबह 5 बजे 12।6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। इसके साथ ही, दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आज सुबह 8 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 344 दर्ज किया गया।

**बेघर लोगों के लिए रैन बसेरे:** ठंड से बचने के लिए दिल्ली में बेघर लोग रैन बसेरों में जा रहे हैं। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) ने बेघर लोगों को आश्रय देने के लिए 235 पगोडा टेंट स्थापित किए हैं। कई इलाकों में रैन बसेरों की स्थापना की गई है।

## जम्मू-कश्मीर: सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, सर्च अभियान जारी



**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप-जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि सोपोर के गुज्जरपति इलाके के जालोरा में रविवार शाम को सुरक्षाबलों आतंकवाद निरोधक अभियान शुरू किया गया। इस दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। उन्होंने बताया कि घेराबंदी एवं तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान चलाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रविवार रात इलाके में कड़ी घेराबंदी की गई और आज सुबह संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान फिर से शुरू किया। हाल ही में, सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी। के। बिरदी ने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के मद्देनजर उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया।

न्यूज ब्रीफ



## मोदीडीह उरंगढा नदी तट पर लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

**मुरीः** हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज मुरी सीएसआर विभाग के सौजन्य से मोदीडीह गांव में लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास उरंगढा नदी तट यूनिट हेड संदीप पाटिल द्वारा किया गयाद्ध इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव वाले कंपनी के साथ मिलकर फर्स्ट टाइम प्रोजेक्ट के लिए अच्छा प्रयास किया है हम चाहते हैं कि गांव वाले इसका समुचित उपयोग करें ताकि और भी प्रोजेक्ट के लिए कंपनी सहयोग कर सके। वहीं एच आर हेड अरूण राय ने कहा कि जीवन आपन का सबसे बड़ा साधन कृषि है ईमानदारी से सब लोग काम करे तो हर घर में नौकरी है हम आपके साथ काम करेंगे,हर तरह से सक्षम बनाएंगे। लिफ्ट सिंचाई योजना शिलान्यास से मोदीडीह, कॉटाडीह, कालुवाडीह के सैकड़ों किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इस मौके पर कृषि पदाधिकारी,मुखिया लालू राम , हिण्डाल्को प्लांट हेड संदीप पाटिल,एच आर हेड अरूण राय,अभिषेक प्रताप सिंह,भरत सिंह, दिलीप मिंज,राज किशोर महतो, शंकर महतो, गोकुल महतो,कृषक मित्र रमजान मोमिन व अन्य उपस्थित थे।

## मां ने डांटा तो नाबालिग ने मौत को लगाया गले



**डोमचांचः** थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर मसमोहना मुख्य मार्ग स्थित मधौती महुआ में एक 15 वर्षीय नाबालिक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक की पहचान मधौती महुआ निवासी 15 वर्षीय सोनाली कुमारी पिता फूलचंद मेहता के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि मां के डॉट के कारण ये कदम उठाया।

## नाली निर्माण कार्य में अनियमितता : नाली पर स्लैब का नहीं रखना दे रहा है किसी बड़ी दुर्घटना को निमत्रंण



**झुमरी तिलैयाः** रांची पटना रोड संत जोसेफ स्कूल के समीप अवस्थित राजेंद्र मेमोरियल हॉस्पिटल के सामने नाली निर्माण का कार्य अब मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। इसका कारण ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कार्य को अभी तक पूरा नहीं करना है। इस कारण अधूरी नाली में स्वास्थ लाभ लेने हॉस्पिटल पहुंच रहे लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। इससे बच्चों को चोट भी लग रही है। इसके साथ ही मवेशी भी खुली नाली में गिर रहे हैं। ठेकेदार ने नाली का निर्माण करने के बाद उसके ऊपर स्लैब नहीं डाली है। खासकर बुजुर्गों को खुली नाली के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। कई बार लोग हॉस्पिटल से निकलते समय नाली में गिरकर घायल हो जाते हैं। हाल ही में खुली नाली में एक बच्ची गिर गई। बच्ची को स्थानीय शरहवासियों ने बाहर निकाला। इससे बच्ची को मामूली चोट आई है। नाली निर्माण का कार्य अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। इसका कारण ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण कार्य को अभी तक पूरा नहीं करना है। अस्पताल प्रबंधन ने जिला प्रशासन से नाली निर्माण की मांग किया है ताकि कोई बड़ी अनहोनी ना हो।

## सिस्टा ने 24 ज्वलंत विन्दुओं पर ज्ञापन सौंपा



**खलारी :** संसदीय समिति का अध्ययन दौरा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए होटल रिडिएश ब्लू रांची में फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में बैठक की गई । सीसीएल सिस्टा के महासचिव रामनारायण राम, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव ज्ञानेंद्र भारती राष्ट्रीय संगठन सचिव कन्हाई पासी ने फग्गन सिंह कुलस्ते को बुके दे कर सम्मानित किया,और सभी अतिथियों को सिस्टा के प्रत्येक एरिया से आए लोगों ने बाबा साहेब का किताब दे कर सम्मानित किया। सिस्टा द्वारा 24 ज्वलंत विन्दुओं का ज्ञापन सौंपा, इस मिटिंग में सीसीएल प्रबंधन द्वारा सिस्टा के लोगों को नहीं पूछा गया वहीं प्रबंधन ने एससी एसटी ओबीसी कांसिलिंग को निमन्त्रण किया था। संसदीय समिति के अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते ने ओबीसी कांसिलिंग का लेटर देखते ही मिटिंग करने से इनकार कर दिया और साफ तौर से कहा कि यह सीसीएल के एससी और एसटी कर्मचारियों के कल्याण के लिए कार्यक्रम है । जो सीसी एल के एससी एवं एसटी कर्मचारियों का नेतृत्व करता है उसी के साथ मिटिंग की जायेगी। सिस्टा का लेटर और अलजेंडा देख कर संसदीय समिति मिटिंग के लिए तैयार थी परंतु विवाद कर लोगों ने कहा कंपनी इन को नहीं बुलाया है जिसके कारण किसी से भी संसदीय समिति ने वार्ता नहीं किया सिस्टा की ओर से जग्गन रविदास भगिरथ मानकी, रविन्द्र बैठा, क्रम चंद वाली, रमेश पासवान, सुभाष वेदिया, धीरज मुण्डा, दिनेशवर रविदास, राजेन्द्र राम, अलोक अकेला, अजय रविदास व अन्य उपस्थित थे।

# जमशेदपुर : पूर्व कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

### अपराधियों ने दौड़ाते हुए सीने में मारी तीन गोलियां



संवाददाता

**जमशेदपुरः** जिले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष का भाई था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात मानगो थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा रोड पर हुई। पुलिस के अनुसार, संतोष सिंह के घर के पास मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए हथियारबंद लोगों ने उन पर गोलियां चला दीं। संतोष भागकर पास के एक घर में घुस गए, लेकिन बंदूकधारियों ने मोटरसाइकिल से उनका पीछा किया और उन्हें गोली मार दी। सिंह को 3 गोलियां लगने पर एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार शिबाशीष ने डीएसपी भोला प्रसाद के साथ रात में घटनास्थल का दौरा किया। प्रसाद ने कहा कि अपराधियों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि हत्या का कारण पुरानी रंजिश होने का संदेह है और इसकी जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि सिंह और उसका भाई हत्या के एक मामले में जेल जा चुके थे।



## मौसम में दिख रहा बदलाव, जल्द मिल सकती है ठंड से राहत

**रांचीः** झारखंड के ज्यादातर जिलों में आज भी हल्के से मध्यम दर्जे की कोहरे से दिन की शुरूआत हुई। हालांकि इसके बाद आसमान साफ रहा। रविवार 19 जनवरी को राज्य का अधिकतम तापमान पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा और सरायकेला में रिकॉर्ड हुआ। जहां पारा 31 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ा। चाईबासा में आज भी अधिकतम तापमान सामान्य से 5.8 डिग्री सेटीग्रेड अधिक रिकॉर्ड हुआ।

इसी तरह रांची का अधिकतम तापमान 25. 6 डिग्री सेटीग्रेड रिकॉर्ड हुआ जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेटीग्रेड अधिक रहा। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री सेटीग्रेड अधिक जाकर 29.2 डिग्री सेटीग्रेड रिकॉर्ड हुआ। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेटीग्रेड और बोकारो का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य अधिकतम तापमान से क्रमश 2.4 डिग्री सेंटीग्रेड और 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इस दौरान राज्य में सबसे कम तापमान 6.9 डिग्री सेंटीग्रेड खूंटी में रिकॉर्ड किया गया।

खूंटी के बाद राज्य का सबसे कम यानी दूसरा न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेंटीग्रेड गढ़वा में दर्ज किया गया। सिमडेगा जिले में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। रांची से सटे रामगढ़ जिले का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड हुआ।

## बूढ़ा बेहरा में ग्राम पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम



**मुरीः** सिल्ली प्रखंड के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र से घिरा बूढ़ा बेहरा में पारम्परिक तौर तरीके से ग्रामीणों ने ग्राम पूजा किया। जिसमें सात सफेद पाठा,छः काला- लाल पाठा की पूजा कर ग्राम देवता को बलि चढ़ाई गई। जिसकी पूजा ग्राम पाहन बीर सिंह मुंडा, हरिनंदन मुंडा, गांव के महतो अनिल धटवार,रंजु सिंह धटवार ने विधिवत और पारम्परिक तरीके से सम्पन्न किया। ग्रामीण बताते हैं कि गांव के पूर्वज गरम तेल में छने पकवान को नंगे हाथ से उठा कर प्रसाद के रूप में निकाल कर रखते थे। लोहे की कील में बैठने की प्रथा थी। पूजा के बाद मेला का आयोजन किया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम में पाता नाच का मनमोहक झांकियां एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस पूजा और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान सोमरा बेदिया, पूर्व प्रखंड प्रमुख कमलनाथ मांझी,नरेश चंद्र मांझी, बुध राम सिंह, बैजनाथ करमाली, चन्द्र मोहन महतो, संजय, नेपाल सिंह ,देव नारायण सिंह धटवार, काली चरण महतो,केशव धटवार,पुसु बेदिया, श्री पदो, लालू,बुध राम, लखींद्र बेदिया, रोहित सिंह एवं अन्य सम्मानित सदस्य की सराहनीय योगदान रहा।

### डोभा में मिली झारखंड आंदोलकारी की लाश, पुत्र ने कहा

# हत्या की गई है, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**गिरिडीहः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुराने नेता में से एक उमेश महतो की मौत हो गई है। उमेश का शव उनके ही गांव के डोभा में मिला है। रविवार की देर शाम शव मिलने की सूचना पर मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो दलबल के साथ धनयडीह गांव पहुंचे और डोभा से शव को बाहर निकाला। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना को लेकर परिजनों के द्वारा कई तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है। परिजन इसे हत्या से जोड़ रहे हैं। हालांकि पुलिस अभी जांच की बात कह रही है।

**क्या कहते हैं परिजनः** इस घटना के संदर्भ में मृतक के पुत्र रविंद्र प्रसाद वर्मा का कहना है कि वे अपनी गाड़ी लेकर सुल्तानगंज गए थे। इस बीच उनके रिश्तेदार ने खबर दी कि उनके पिता की लाश डोभा में है। इसकी सूचना पुलिस के साथ मुखिया व अन्य को दी गई। कहा कि उनके पिता की हत्या की गई है। कहा कि गांव के ही कुछ लोगों से जमीन का विवाद था।



रविंद्र ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। भतीजा प्रमोद कुमार कहते हैं दोपहर 12 बजे उमेश महतो घर से निकले थे। इस बीच खबर मिली की उनकी लाश डोभा में है। वे पहुंचे और उमेश के पुत्र रविंद्र को सूचना दी। सूचना पुलिस को दी गई और फिर शव को निकाला गया। कहा कि उन्हें लगता है कि उमेश को मारा गया है। कहा कि उनके चाचा पिछले तीस वर्ष से इस तरफ शौच को जाते ही नहीं थे।

**पूर्व सरपंच के साथ जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष भी रहेः** पुत्र रविंद्र ने बताया कि उमेश महतो पूर्व के सरपंच थे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष भी रहे। झारखंड अलग राज्य के वे आंदोलनकारी भी थे। वर्ष 2019 का चुनाव गिरिडीह प्रखंड पश्चिमी भाग में उनके नेतृत्व में ही लड़ा गया था। इधर मौके पर पहुंचे जेएमएम नेता अनवर का कहना है कि देखने से लगता है कोई घटना घटी है। जेएमएम नेता लेखो मंडल ने कहा कि मृतक के शव को डोभा से निकाला गया तो मुंह और नाक-आंख से खून निकल रहा था। गर्दन में मफलर कसा हुआ है। प्रशासन गंभीरता से जांच करे, पोस्टमार्टम से भी काफी कुछ खुलासा हो जाएगा। यदि किसी ने घटना को अंजाम दिया है तो सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**हर बिंदू पर हो रही है जांचः थाना प्रभारीः** मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने कहा कि उमेश महतो की लाश डोभा में मिली है। शव को निकालते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। बाकी आगे की जांच जारी है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच चल रही है।

### पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में छापेमारी

# कई आपत्तिजनक सामान बरामद, छात्रों ने टीम को बनाया बंधक

**पलामूः** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के ब्यॉज एंड गर्ल्स हॉस्टल में छापेमारी की गई। इस छापेमारी में हॉस्टल के कमरों से शराब के अलावा कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। छापेमारी के बाद मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने जमकर हंगामा किया। मेडिकल हॉस्टल में रहने वाले छात्रों ने प्रशासनिक टीम को बंधक बना लिया था। प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। पलामू के सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा स्थित मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में सदर एसडीएम आईएएस सुलोचना मीणा के नेतृत्व में छापेमारी की गई। हॉस्टल के 15 कमरों की तलाशी ली गई जिसमें शराब व गांजा की कई बोतलें बरामद की गईं। मेडिकल कॉलेज में छापेमारी के बाद हॉस्टल में रहने वाले छात्र आक्रोशित हो गए। छात्रों ने एकजुट होकर प्रशासनिक टीम व कॉलेज के प्राचार्य को बंधक बना लिया। इस दौरान कुछ लोगों के मोबाइल से फोटो भी डिलीट कर दिए गए। सदर एसडीएम ने छापेमारी की पुष्टि की है और कहा कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉपारस नाथ महतो ने बताया कि छापेमारी की सूचना मिलने के बाद वे मेडिकल कॉलेज पहुंचे। छात्रों ने सभी को कुछ देर तक बंधक बनाकर रखा था। छापेमारी में क्या सामान बरामद हुआ, इसके बारे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है। प्रशासनिक टीम को मामले की जानकारी है। वे भी अपने स्तर पर मामले की जांच कर रहे हैं।



# पैसों की खातिर डॉक्टर ने गर्भवती महिला का ऑपरेशन करने से किया इनकार

### निजी क्लीनिक में आपॅरेशन करने की बाद कह डॉक्टर सदर अस्पताल से हुई फरार

संवाददाता

**चतराः** जिला सदर अस्पताल की महिला चिकित्सक की घिनौनी करतूत ने चिकित्सा व्यवस्था को शर्मसार कर दिया है। प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को चिकित्सक ने सिर्फ अपने निजी क्लिनिक में ऑपरेशन के चक्कर में उसे सदर अस्पताल में ही छोड़कर फरार हो गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर बवाल काटा।

बता दें कि जोरी निवासी रंजीत यादव ने बताया कि मेरी पत्नी प्रियंका के पेट में शनिवार रात 12 बजे दर्द उठा, जिसे दिखाने के लिए सदर अस्पताल चतरा पहुंचे।



उस वक्त ड्यूटी में महिला चिकित्सक डॉ सपना अग्रवाल थी। उन्होंने मेरी पत्नी को पहले भर्ती किया और सुबह में ऑपरेशन से प्रसव कराने की बात कही। रविवार सुबह जब ऑपरेशन कराने पहुंचे तो उन्होंने सदर अस्पताल के ओटी में असिस्टेंट नहीं रहने की बात कहते हुए ऑपरेशन करने से इनकार कर दिया। साथ ही उन्होंने इसके लिए अपने निजी क्लीनिक में पहुंचने को कहा। हमने उनसे हाथ जोड़कर सदर अस्पताल में ही ऑपरेशन करने के लिए विनती की पर डॉ। सपना और उनके पति डॉ। प्रवीण कुमार (एनेस्थीसिया देते हैं) दोनों ने मिलकर जमकर फटकार लगाई।

चतरा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान डॉ सपना और डॉ प्रवीण की शिकायत लेकर रंजीत यादव डीएस डॉ मनीष के चेंबर में पहुंचे। जहां उपस्थित सिविल सर्जन और डीएस ने दोनों डॉक्टर को ऑपरेशन करने को सलाह दिया। बावजूद डॉ सपना और डा प्रवीण ने ना तो ऑपरेशन किया बल्कि दोनों वरीय अधिकारियों की बात को नजरअंदाज कर चलते बने।

इसके बाद सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार ने डीएस को केस टैकल करने का निर्देश दिया। सीएस के आदेश के बाद डीएस डॉ मनीष लाल ने उक्त महिला का सीजीरियन से प्रसव कराया। डॉ मनीष लाल ने कहा कि सदर अस्पताल में महिला चिकित्सक के द्वारा सुविधा का अभाव बताना और ऑपरेशन करने से इनकार कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि सदर अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है और सभी स्टॉफ ऑपरेशन कराने के लिए ट्रेंड हैं।

# मंईयां सम्मान योजना में अनियमितता को लेकर तीन सीएससी संचालकों का लाइसेंस रद्द




**संवाददाता**

**रांचीः** मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी पर प्रशासन ने कड़ा एक्शन लिया है। प्रशासन ने गड़बड़ी करने वाले 3 सीएससी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

प्रशासन ने गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड में इस योजना में अनियमितता के चलते 3 सीएससी संचालकों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। इतना ही नहीं प्रशासन द्वारा अबुआ आवास योजना में अयोग्य लाभुकों को घर देने के आरोप में पंचायत सचिव शशि कुमार को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मझिआंव प्रखंड में धान खरीद में गड़बड़ी के आरोप में रामपुर पैक्स अध्यक्ष रविंद्र सिंह पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने इस कार्रवाई के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकार की योजनाओं में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भारत की गाथा है मन की बातः बाबूलाल मरांडी

**संवाददाता**

**रांचीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो- दूरदर्शन से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण हुआ। इस माह अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण इसे माह के तीसरे रविवार को ही प्रसारित किया गया।

पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुनने की व्यवस्था की जाती है जहां पार्टी के प्रदेश, जिला, मंडल, बूथ स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सांसद, विधायक गण, जनप्रतिनिधि आम जन के साथ लोकप्रिय कार्यक्रम को सुनते हैं। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए, प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को राजनीतिक संबोधन नहीं बल्कि यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह संविधान आम जन को प्रेरित करता है।



मरांडी ने कहा कि आज के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और विकास की चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाड़ी अपने विरासत को सहेजते और संवारते हुए आगे बढ़ रही। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में दिए गए हमारे देश के महापुरुषों के संबोधन ने आम जन को संविधान की मूल भावनाओं से परिचित कराया, विरासत पर गर्व करने के अवसर दिए वही स्टार्टअप की चर्चा ने युवाओं को नए- नए क्षेत्र से अवगत कराया, प्रेरित किया। मरांडी ने कुंभ की एकता और समरसता को दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम सुनने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह व अन्य शामिल हैं।

# एक दिवसीय भव्य नगर संकीर्तन सह भागवत कथा



**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची के पूर्व अध्यक्ष एवं छात्र क्लब ग्रुप के मुख्य संयोजक संतोष कुमार के पुनदाग लक्ष्मीनगर स्थित आवास के गृह प्रवेश का प्रथम वर्षगांठ ˙ धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रथम चरण में हरे राम हरे कृष्ण,कृष्ण कृष्ण हरे हरे महामंत्र* जाप के साथ पुनदाग लक्ष्मीनगर मुहल्ला मे श्रीमान दास गदाधर दास,सुबल दास प्रभु,रामजतन शर्मा, शिव शंकर शर्मा,शिवनाथ राणा,सुजीत प्रभु,रामबली प्रभु,शंकर प्रभु,रामचंद्र दास प्रभु,रीना माताजी,ज्योति माताजी,श्वेता सिन्हा,पिया बर्मन,वीणाश्री, कुमार गहलोत,कविता होरो, कुमारी नीलम,दीपक राणा,रमेश पंडित,शकुंतला देवी,शोभा देवी,भारती देवी,शंभु शर्मा,सुभाष कुमार,जानकी नंदन राणा,छत्रपाल राम उस्ताद, सुबोध कुमार शर्मा सहित हजारों श्रद्धालुओं के उपस्थिति मे भजन कीर्तन,नाच गान के साथ भ्रमण किया गया।

दूसरे चरण मे भक्ति वेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम सिल्ली के कथाकार श्रीमान श्रीदास गदाधर दास एवं इनकी टीम द्वारा भागवत कथा सुनाई गई

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष कुमार ने कहा अपने घर के गृह प्रवेश के प्रथम वर्षगांठ के शुभअवसर पर यह उत्सव का आयोजन किया गया है और देश,राज्य,घर एवं परिवार की खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई है। भक्तिमय भजन संध्या एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम की समापन हुई।इस भक्तिमय कार्यक्रम में आए सभी श्रद्धालुओं के प्रति छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समाप्त होने की घोषणा की।

## डॉ. इरफान अंसारी ने पार्क का किया शिलान्यास, कहा-

# हमारी प्राथमिकता अधिक से अधिक विकास कार्य करना

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड के मिहिजाम नगर परिषद के अंतर्गत नगर भवन, हंसीपहाड़ी के समीप पार्क का शिलान्यास झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने किया। मंत्री डॉ। अंसारी ने इस अवसर पर कहा, यह पार्क यहां के लोगों के लिए एक बड़ा उपहार है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस पार्क का लाभ उठाएं,



यहां टहलें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, क्योंकि 'हेल्थ इज वेल्थ'।

मंत्री ने मिहिजाम की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यहां की जनता ने मुझ पर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास जताया है। इसी विश्वास के चलते हमारी सरकार लगातार तीसरी बार बनी है। हमारी प्राथमिकता अधिक से अधिक विकास कार्य करना है और इसी दिशा में मिहिजाम को विकास के नए आयामों तक ले जा रहे हैं। मिहिजाम में कई बड़ी योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है। जल्द ही एक बड़े स्टेडियम का भी शिलान्यास होगा। यह सब आपकी साझेदारी और समर्थन के बिना संभव नहीं था।"

डॉ। अंसारी ने जात-पात की राजनीति से ऊपर उठकर मिहिजाम की जनता से अपील करते हुए कहा, मैं उन लोगों का भी काम कर रहा हूं, जिन्होंने मुझे वोट नहीं दिया। मेरा उद्देश्य सबका विकास करना है। जब आप लोगों ने पेड़ लगाया है, तो आप इसका फल भी खाएंगे।

# 8वीं प्री बोर्ड की परीक्षा आयोजित करने वाला एकमात्र जिला बना रांची, डीसी ने जारी किया ऑनलाइन प्रश्नपत्र



**रांचीः** जिला के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में 8वीं कक्षा की प्री बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई है। रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने प्री बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र को ऑनलाइन जारी कर परीक्षा की औपचारिक शुरूआत कर दी है। खास बात है कि पूरे राज्य में रांची पहला जिला बना है, जहां प्री बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई है। डीसी ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

8वीं प्री बोर्ड की परीक्षा 20, 21 और 22 जनवरी को तीन दिनों तक आयोजित की जा रही है। इसमें रांची जिला से कुल 22 हजार छात्र भाग ले रहे हैं। खास बात है कि परीक्षा जैक बोर्ड की तर्ज पर ओएमआर शीट पर ली जा रही है ताकि छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिल सके। बता दें कि जैक के स्तर पर आठवीं बोर्ड की परीक्षा 29 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी।

गौर करने वाली बात है कि एक तरफ 8वीं प्री बोर्ड की परीक्षा शुरू हो चुकी है तो दूसरी तरफ जैक बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली दर्जन भर से ज्यादा परीक्षाओं पर ग्रहण लगता दिख रहा है। क्योंकि 18 जनवरी से जैक के अध्यक्ष का पद खाली है। ऑटोनोमस बॉडी होने की वजह से जैक के कामकाज की जिम्मेदारी संवैधानिक रूप से अध्यक्ष में निहित है, लेकिन अभी तक इस दिशा में सरकारी स्तर पर कोई पहल नहीं हुई है। जबकि बोर्ड और इंटर परीक्षा की तारीख घोषित हो चुकी है। यदि अध्यक्ष का पद जल्द नहीं भरा जाता है तो 28 जनवरी से होने वाली आठवीं बोर्ड और 29 जनवरी से नौवीं बोर्ड की परीक्षा को टालना मजबूरी हो जाएगी।

# झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक कई कार्यक्रम तय, प्रस्ताव हुआ पारित

● 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक ● 23 फरवरी को पतरातू डैम में प्रशिक्षण शिविर




**संवाददाता**

**रांचीः** रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में आज झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक आगे की रणनीति, कार्यक्रम, नगर निगम/निकाय चुनाव एवं सदस्यता और संगठन विस्तार के लिए रखी गयी थी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब आगामी 23 फरवरी को पतरातू डैम में ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। उसके पूर्व 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक की तैयारी की जवाबदेही खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु एवं संगठन महासचिव कृष्णा साहु को दी गयी है। यह भी तय किया गया कि संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी अपने- अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे और केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे। केवल दूसरे पदाधिकारी के भरोसे नहीं रहेंगे। बैठक में नगर निगम और निकाय चुनाव पर चर्चा जारी रखने का निर्णय लिया गया, ताकि समय आने पर सही फैसला लिया जा सके।

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य समाज के मुद्दों पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए फिर से संघर्ष का रास्ता अपनाया जायेगा। आगामी विधानसभा सत्र से पहले ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मांगों को लेकर अभियान चलाया जायेगा और सरकार को याद दिलाया जायेगा। आप सभी तैयारी में लग जाएं। बैठक में प्रस्ताव पारित कर पतरातू एनटीपीसी के विस्थापितों के आंदोलन का समर्थन किया गया और सरकार एवं प्रबंधन से विस्थापितों की मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की गई। बैठक के अंत में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु की माता पार्वती देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार, कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, अनिल वैश्य, जगदीश साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, राजेन्द्र साहु, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के सचिव आदित्य पोद्दार उपस्थित थे।

# 'ठुकरा के मेरा प्यार' सीरीज बनी डिज्नी हॉट स्टार पर सबसे ज्यादा सब्सक्राइब किए जाने वाली सफल सीरीज




**रांचीः** डिस्नी+ हॉटस्टार पर 'ठुकरा के मेरा प्यार' अब तक की सबसे ज्यादा सब्सक्राइब की जाने वाली विशेष सीरीज बन गई है। हॉटस्टार की यह सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' दर्शकों का दिल जीतने में लगातार सफल हो रही है। सीरीज की दिलचस्प कहानी और दर्शकों को जोड़ने वाले कैरेक्टर्स में अभिनेत्री संचिता बाशु को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है, जो सीरीज में प्रिय शान्विका का किरदार निभा रही हैं।

सीरीज की सफलता का जश्न मनाने के लिए निमार्ता तथा क्रिएटर सचिन पांडे रांची पहुंचे, और दर्शकों को शो से जुड़ने और पसंद करने के लिए धन्यवाद दिया। सीरीज को सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जानी की बात भी कही।

अपने दौरे के दौरान सभी ने शो के प्रशंसकों से बातचीत की, सीरीज और इसकी यात्रा के बारे में शो से जुड़े किस्से और इनसाइड कहानी साझा की । उन्होंने बताया कि यह शो कैसे एक सांस्कृतिक घटना बन गया। इस दौरान दोनों ने शो को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया सदस्यों से चर्चा करते हुए शो की सफलता से मिली खुशी साझा की।

शो से जुड़े अनुभव शेयर करते हुए संचिता बाशु ने कहा, रांची में रहना एक यादगार अनुभव रहा है। यहां जो प्यार और उत्साह मिला है, वह हमेशा मुझे याद रहेगा है। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के ट्रेलर के माध्यम से दर्शकों को उसकी भावनात्मक ऊंचाइयों को फिर से जीते हुए देखना बहुत खास था। शान्विका की यात्रा मेरे दिल के बहुत करीब है। अब दर्शकों के साथ किरदार का जुड़ना बहुत ही संतुष्टि देने वाला है।

निर्माता और क्रिएटर सचिन पांडे ने कहा, ठुकरा के मेरा प्यार की सफलता इस बात को साफ दिखा रही है, कि शो जीवंत या कहे लाइव कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है। ये एक ऐसी कहानी है, जो भारतीयों के दिलों से निकली और दुनियाभर की ऑडियंस के दिलों तक पहुंच गई है। रांची ने दिल खोलकर हमारा स्वागत किया है। यहां के प्रशंसकों और मीडिया से मिलने का अनुभव संतुष्टि देने वाला रहा। इस शहर से मिला प्यार हमें और बेहतर करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

मैं दर्शकों को बताना चाहता हूं , 'ठुकरा के मेरा प्यार' केवल डिस्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है!

## गोदाम से ट्रक ड्राइवर का शव बरामद, सनसनी

रांची : रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में विनायका कैम्पस के मैरिको गोदाम में एक ट्रक चालक का शव बरामद किया गया है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई हैं। मामले में हत्या की आशंका जताई जा रही हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अपार्टमेंट मे चोरी करता पकड़ाया युवक

**रांची :** डोरंडा थाना क्षेत्र के मनिटोला फिरदौस नगर में रौनक एनक्लेव अपार्टमेंट में चोरी करते हुए चोर को आधी रात करीब 2:00 बजे अपार्टमेंट के लोगों ने दौड़ा कर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा हैं कि इस चोर ने बिजली की तार को काटकर मीटर पैनल चोरी करने की फिराक में था। वह अपार्टमेंट में और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में भी था। एक घर के ग्रिल गेट को भी खोलने का प्रयास किया गया था। चोर के साथ दो अन्य चोर था जो फरार होने में कामयाब हो गया लेकिन सभी चोरों का नाम पता पकड़ाए चोर ने बता दिया है। उम्मीद की जा रही है कि डोरंडा थाना पुलिस जल्द ही सभी को अपने गिरफ्त में लेकर इसपर आगे की कार्रवाई करेगी।।




# झारखंड की शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त करना चहती है केंद्र सरकार, कुटिल साजिश से बचें सरकारः आलोक दुबे

**संवाददाता**

**रांचीः** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि झारखंड के शिक्षा व्यवस्था की नींव हैं निजी विद्यालय और इन्हें यू डाइस प्राप्त भी है। दूबे ने कहा कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल में इन्हें आठवीं तक विद्यालय चलाने के लिए स्कूल नंबर भी आबंटित किया है जिसमें झारखंड के 30 लाख से अधिक गरीब, दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग के बच्चे गुणात्मक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथा लाखों लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी प्रदान कर रहा है। झारखंड के छोटे निजी विद्यालय को केंद्र सरकार के झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को ध्वस्त करने की कुटिल साजिश है।

झारखंड के यू डाइस प्राप्त विद्यालयों को जैक स्कूल कोड प्राप्त विद्यालयों को मान्यता के लिए पुनः आवेदन करने को बाध्य करना। उन्होंने झारखंड सरकार से प्रश्न किया कि जब यू डायस प्राप्त विद्यालयों और आठवीं बोर्ड की परीक्षा के संचालन के लिए जैक से स्कूल नंबर प्राप्त विद्यालयों को आठवीं तक विद्यालय के संचालन के लिए जब जैक ने मान्यता दे दी है तो फिर मान्यता के लिए



आवेदन का क्या औचित्य है। दूबे ने कहा जब संपूर्ण राष्ट्र में सर्वकालिक भवन और जमीन के बिना कोई शर्त रखें 2009 के आरटीई अधिनियम के तहत मान्यता दी जा रही है तो ऐसी स्थिति में झारखंड में और वह भी झारखंड के सिर्फ निजी विद्यालयों के साथ 2019 के कठिन शर्तों को क्यों जारी रखा गया है। दूबे ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यू डायस प्राप्त विद्यालयों को बार-बार मान्यता की बात कर झारखंड के निजी विद्यालयों का मनोबल तोड़ने की कार्य कर रही है सरकार। झारखंड के निजी विद्यालयों को सरकार प्रोत्साहित करना चाहिए कि कि वह इतने कम पैसे में गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग रखा की संपूर्ण भारत के अन्य राज्यों की तरह 2009 के आरटीई एक्ट के तहत झारखंड के निजी विद्यालयों को मान्यता प्रदान करें।

उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सिर्फ झारखंड राज्य में लागू आरटीई 2019 के संशोधन को पूरी तरह रद्द करे सरकार। उन्होंने सरकार से मांग की कि 2019 के पहले स्थापित यू डाइस प्राप्त विद्यालयों को जिन्होंने मान्यता के लिए प्रपत्र (क)को भरा था उन विद्यालयों को 8 वीं कक्षा तक बोर्ड की परीक्षा देने के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने स्कूल कोड प्रदान कर पूर्व में ही मान्यता दे दिया है उन्हें फिर से मान्यता देने के लिए क्यों परेशान कर रही है सरकार। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षण करते हुए कहा कि 2019 के संवैधानिक संशोधन में सिर्फ झारखंड में 5 वीं तथा आठवीं कक्षा तक के ऐसे ऐसे शर्त रखे गए हैं जिसे सीबीएसई और झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं और 12वीं कक्षा तक की मान्यता प्रदान करने के लिए रखा है ; कक्षा 5 तथा कक्षा आठ तक विद्यालय संचालन के लिए संपूर्ण भारत की तरह उपरोक्त शर्तों को निरस्त करते हुए सरकार मान्यता प्रदान करें। दूबे ने स्पष्ट तौर पर कहा कि संपूर्ण राष्ट्र की तरह झारखंड में 2009 के आरटीई नियम के तहत संचालित हो विद्यालय; सरकारी और निजी विद्यालयों के लिए विद्यालय संचालन का और मान्यता का एक ही नियम हो।

## सुविचार

**एक सफल व्यक्ति बनने की कोशिश मत करो, बल्कि मूल्यों पर चलने वाले व्यक्ति बनो**

## आस्था का अनूठा संगम

प्रयागराज के संगम पर आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम आज मकर संक्रांति पर पहले शाही स्नान से परवान चढ़ेगा। विराट आस्था का प्रतीक यह महापर्व सदियों से पूरी दुनिया के लिये कौतुक का विषय रहा है। ह्वेनसांग से लेकर दुनिया के चोटी के पत्रकारों ने आस्था के इस सैलाब को अवर्णनीय बताया है। पूरी दुनिया हैरत में रहती है कि कैसे बिना चिट्ठी-तार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जुटते हैं। संतों के अखाड़े और श्रद्धालुओं का सैलाब महाकुंभ को विशिष्ट बनाता है। देश के कोने-कोने से जुटे कल्पवासी गंगा,जमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर मोक्ष की आकांक्षा से जुटते हैं। अनुमान है कि इस बार 40 से 45 करोड़ लोग डेढ़ माह तक चलने वाले महाकुंभ में जुटेंगे। यूं तो पूर्णकुंभ व अर्धकुंभ का आयोजन होता है लेकिन महाकुंभ का आयोजन सिर्फ प्रयागराज में ही आयोजित होता है, जिसके लिये उ.प्र. सरकार ने इस बार सात हजार करोड़ रुपये का बजट रखा है। सही मायनों में ये शासन की प्रशासन क्षमता की भी परीक्षा है कि कैसे 25 सेक्टरों में बंटे इस आयोजन को विघ्न-बाधाओं से मुक्त बनाया जाता है। राजयोग स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। पहला शाही स्नान आज मकर संक्रांति को, दूसरा 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीसरा शाही स्नान तीन फरवरी को बसंत पंचमी को आयोजित होगा। 14वीं से 16वीं सदी के बीच आम लोगों व संतों के बीच टकराव टालने के लिये शाही स्नान की परंपरा शुरू हुई थी। कालांतर संतों व अखाड़ों को विशिष्ट सम्मान देने के लिये हाथी, घोड़ों व रथों पर पेशवाई निकाली जानी शुरू हुई, जिसे शाही स्नान की संज्ञा दी गई। सोमवार से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ स्थल पर हर तरफ तंबुओं में बसा एक शहर नजर आ रहा है। जिसकी आबादी दुनिया के कई देशों से अधिक होगी। आस्था के इस संगम पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशासन क्षमता की भी अगले कुछ सप्ताहों में परीक्षा होने वाली है। यूं तो महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिये चप्पे-चप्पे पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षा बलों का जमावड़ा है, वज्रवाहन, ड्रोन, बम निरोधक दस्तों के साथ ही एनएसजी के सदस्य मौजूद हैं। लेकिन पहली बार महाकुंभ की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल तकनीक से संचालन है। इसीलिए इस महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ भी कहा जा रहा है। जिसके लिये महाकुंभ मेला ऐप, एआई चैटबॉट और क्यूआर कोड का सहारा लिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। नई तकनीक के माध्यम से खोये लोगों को तलाशने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बारह भाषाओं वाला महाकुंभ मेला ऐप उपलब्ध कराया है। यह ऐप यात्रियों को अपनी योजना को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद करेगा। जिसमें टेंट सिटी की जानकारी, गूगल नेविगेशन, पर्यटकों की मार्गदर्शिका, आपातकालीन सेवाओं की जानकारी श्रद्धालुओं को दी जा सकेगी। इसमें रोज के अपडेट्स भी शामिल होंगे। उम्मीद है कि इस बार बनाये गए दस डिजिटल खोया-पाया केंद्र बिछुड़ने वालों को परिवार से मिलाने में मददगार होंगे। जिसकी जानकारी मेला क्षेत्र के कोने-कोने मे लगी एलसीडी पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही इस कार्य में सोशल मीडिया में फोटो व वीडियो डालकर भी मदद की जाएगी। वहीं यात्रियों की मदद के लिये कई तरह के क्यूआर कोड बनाए गए हैं। जिसमें हरे रंग के क्यूआर कोड के जरिये पुलिस,प्रशासन व अन्य आपातकालीन सेवाओं के सभी नंबरों को पाया जा सकेगा। इतना ही नहीं, मेला क्षेत्र में मैपिंग के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने गूगल से भी समझौता किया है। जिससे श्रद्धालु विभिन्न घाटों व मंदिरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। जिसमें सैकड़ों एआई संचालित कैमरे खासे मददगार होंगे। वहीं दूसरी ओर मेले क्षेत्र की निगरानी में एआई तकनीक की मदद ली जा रही है। सुरक्षा के लिये एंटी ड्रोन तकनीक का भी उपयोग होगा। इस दौरान तेरह हजार विशेष ट्रेनों के संचालन और सात हजार बसों के जरिये श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनायी जा रही है। उम्मीद है महाकुंभ का आयोजन निर्विघ्न संपन्न हो सकेगा।

# आकाश में नए द्वार खोलती भारत की अंतरिक्ष डॉकिंग

**उन्नत सेंसर और प्रौद्योगिकी जिसमें सटीक माप के लिए अभिनव सेंसर शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं- लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेजवस सेंसर और प्रॉक्सिमिटी और डॉकिंग सेंसर। ये सेंसर सटीक दृष्टिकोण और डॉकिंग प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम से प्रेरित एक नया प्रोसेसर है। साथ ही, अंतरिक्ष यान की सापेक्ष स्थिति और वेग निर्धारित करता है।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हाल ही में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष डॉकिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसरो द्वारा पीएसएलवी-सी60 मिशन ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें दो उपग्रहों के अंतरिक्ष में एक-दूसरे से मिलने और डॉक करने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अंतरिक्ष डॉकिंग कक्षा में दो अंतरिक्ष यान को जोड़ने की प्रक्रिया है। इसमें तेज गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को एक ही कक्षीय प्रक्षेप पथ पर लाना, उन्हें मैन्युअल रूप से या स्वायत्त रूप से एक-दूसरे के करीब लाना और अंत में उन्हें यांत्रिक रूप से एक साथ लॉक करना शामिल है। यह क्षमता जटिल अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें अंतरिक्ष स्टेशनों को इकट्ठा करना, चालक दल का आदान-प्रदान और आपूर्ति पहुँचाना शामिल है। संयुक्त राज्य अमेरिका में (1966) पहली डॉकिंग नासा के जेमिनी श्क्क्क मिशन के दौरान हासिल की गई थी, जहाँ अंतरिक्ष यान एजेना लक्ष्य वाहन के साथ डॉक किया गया था। यूएसएसआर ने कोस्मोस 186 और कोस्मोस 188 के बीच पहली मानवरहित, स्वचालित डॉकिंग का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि ने 1967 में अंतरिक्ष दौड़ के दौरान उनकी इंजीनियरिंग क्षमता को रेखांकित किया। चीन के मानवरहित शेनझोउ 8 अंतरिक्ष यान ने 2011 में तियांगोंग 1 अंतरिक्ष प्रयोगशाला के साथ डॉक किया। एक साल बाद, देश ने शेनझोउ 9 मिशन के साथ अपनी पहली मानवयुक्त डॉकिंग हासिल की। भारतीय डॉकिंग सिस्टम (बीडीएस) के बारे में 2010 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय डॉकिंग सिस्टम मानक (आईडीएसएस) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के साथ अंतरिक्ष यान डॉकिंग को नियंत्रित करता है। भारत एक उभयलिंगी डॉकिंग प्रणाली का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि चेजर और टारगेट दोनों उपग्रहों पर समान प्रणालियाँ मौजूद हैं। आईडीएसएस के समान लेकिन आईडीएसएस डिजाइन में 24 मोटर्स के बजाय दो मोटर्स का उपयोग करता है। उन्नत सेंसर और प्रौद्योगिकी जिसमें सटीक माप के लिए अभिनव सेंसर शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं- लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेजवस सेंसर और प्रॉक्सिमिटी और डॉकिंग सेंसर। ये सेंसर सटीक दृष्टिकोण और डॉकिंग प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम से प्रेरित एक नया प्रोसेसर है। साथ ही, अंतरिक्ष यान की सापेक्ष स्थिति और वेग निर्धारित करता है। यह भविष्य की स्वायत्त डॉकिंग प्रणालियों के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है। साथ ही, उपग्रह-आधारित नेविगेशन डेटा पर निर्भर किए बिना डॉकिंग प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। डॉकिंग तकनीक कक्षा में बड़े अंतरिक्ष यान के निर्माण की अनुमति देती है, जो मंगल अन्वेषण जैसे गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक है। चंद्र मिशनों के लिए समर्थनः डॉकिंग इसरो के चंद्रयान-4 चंद्र नमूना वापसी मिशन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अधिक उन्नत और जटिल अंतरिक्ष संचालन संभव हो पाता है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो की योजना कक्षीय पुनःपूर्ति और चालक दल के मिशनों का समर्थन करने के लिए डॉकिंग तकनीक पर निर्भर करती है। स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों में महत्त्वाकांक्षी भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है। मिशन साबित करता है कि उच्च-स्तरीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को न्यूनतम व्यय के साथ विकसित और प्रदर्शित किया जा सकता है। यह अंतरिक्ष यान के लिए डॉकिंग प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करेगा और डॉक किए गए अंतरिक्ष यान के बीच बिजली हस्तांतरण को सक्षम करेगा। अंतरिक्ष यान के परिचालन जीवन को बढ़ाने के लिए डॉक की गई स्थितियों में नियंत्रण क्षमता को बढ़ाएगा। विमान लेजर रेंज फाइंडर और रेंडेजवस सेंसर जैसे उन्नत सेंसर से लैस है। रिएक्शन व्हील, मैग्नेटोमीटर और थ्रस्टर्स के साथ मजबूत रवैया और कक्षा नियंत्रण प्रणाली। मोटर चालित कैप्चर, रिट्रैक्शन और रिजिडाइजेशन क्षमताओं के साथ डॉकिंग मैकेनिज्म। स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों में महत्त्वाकांक्षी भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है। अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों ने एक बड़ी छलांग लगाई है, जब पीएसएलवी-सी60 ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को प्रक्षेपित किया, जिससे स्वायत्त अंतरिक्ष यान डॉकिंग के लिए भारत की उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन हुआ। स्पैडेक्स मिशन में दो छोटे अंतरिक्ष यान, एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 शामिल हैं, जो स्वचालित रूप से कक्षा में स्थापित होंगे, जिससे कक्षा में उपग्रह की सर्विसिंग, ईंधन भरने और भविष्य में अंतरिक्ष स्टेशन जैसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त होगा। सार्वजनिक-निजी सहयोग द्वारा समर्थित यह ऐतिहासिक मिशन, अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते नेतृत्व की पुष्टि करता है तथा वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अधिक अंतरग्रहीय और वाणिज्यिक उपक्रमों के लिए उसे तैयार करता है। इसके अलावा, इस मिशन के लिए इस्तेमाल की गई अत्याधुनिक तकनीक अंतरिक्ष अन्वेषण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। स्पैडेक्स परियोजना न केवल भारत के मौजूदा अंतरिक्ष अन्वेषण लक्ष्यों के लिए बल्कि समग्र रूप से अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण कदम बन गई है। इस मिशन से मिले सबक वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में गूंजेंगे और भविष्य के सहयोग को प्रेरित करेंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

**मोहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो कैटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मोहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मोहल्ले के लोग बारी-बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे।**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

सामाजिक ताने-बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मोहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवश्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरूरत के समय पहुंच जाते थे। सुख-दुख खासतौर से मुसीबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हालांकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढ़ना लगभग असंभव सा है। दरअसल, हमारी परंपरा व्यष्टि का ना होकर समष्टि की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मोहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मोहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख-दर्द में पूरा मोहल्ला साथ हो जाता था। मोहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो कैटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मोहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मोहल्ले के लोग बारी-बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगनचुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक-दूसरे को पहचानते नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल-मिलाप की बात करना बेमानी होगा। सोशियोट्रापी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रूप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुख-दर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निःस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रूप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है। हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नति देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मौके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरूरत के समय खड़े हो जाना जरूरतमंद के लिए संबल होता है।देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सबकुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है, घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली हैं वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है।

दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां-बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफैक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी दादा-दादी या नाना-नानी का साथ जरूरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना-बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी रिश्तों की अहमियत भूलती जा रही है। दादा-दादी या नाना-नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अड़ोस-पड़ोस, मोहल्ले या शहर-गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा।

आज की पीढ़ी के सामाजिकता से दूर होने के नकारात्मक प्रभाव समाज के सामने आने लगे हैं। पाश्चात्य देश अब रिश्तों की अहमियत को समझने की दिशा में आगे बढ़ने लगे हैं वहीं हम रिश्तों की अहमियत और सामाजिकता खोते जा रहे हैं। यह अपने आप में गंभीर चिंता का विषय है। समाज और समाज विज्ञानियों व मनो विज्ञानियों को हालात की गंभीरता को समझते हुए समय रहते हालात को सुधारने के प्रयास करने होंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# द्रोणागिरि पर्वत के पास बसे लोग हनुमान जी को क्यों मानते हैं अपना शत्रु

हिंदू धर्म में हर दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है। मंगलवार का दिन मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी को समर्पित है। मंगलवार के दिन श्रीराम परिवार संग हनुमान जी की पूजा की जाती है। इस दिन व्रत भी रखा जाता है। धार्मिक शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि मंगलवार के दिन श्रीराम की अपने परम भक्त हनुमान से भेंट हुई थी। इस मौके पर हर साल बड़ा मंगल भी मनाया जाता है। धार्मिक शास्त्रों में निहित है कि लंका विजय में हनुमान जी ने अहम भूमिका निभाई थी। श्रीराम ने वानर सेना की मदद से लंका पर विजय प्राप्त की थी। वाल्मीकि द्वारा लिखित रामायण में द्रोणागिरि पर्वत का भी उल्लेख मिलता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि द्रोणागिरी पर्वत के पास बसे लोग हनुमान जी से क्यों खफा रहते हैं।

### भगवान श्रीराम का चरित्र

बता दें कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम त्रेता युग के समकालीन थे। उनको अपने जीवन में सिर्फ और सिर्फ दुखों का सामना करना पड़ा था। भक्ति काल के महान कवि रहे गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी रचना रामचरित्रमानस में श्रीराम के जीवन चरित्र का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। रामचरित्रमानस के अनुसार, अयोध्या के राजा बनने से ठीक एक दिन पहले भगवान श्रीराम को चौदह वर्षों का वनवास मिला था। पिता का आज्ञा का पालन करने के लिए वह अपनी पत्नी मां सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वनवास चले गए। वनवास के दौरान श्रीराम लंबे समय तक दण्डकारण्य वन में रहे। यह वन रावण का गढ़ था। दण्डकारण्य वन असुरों से भरा था और भगवान श्रीराम ने असुरों का वध करके दण्डकारण्य वन को लंकापति रावण के आतंक से मुक्त कराया था। बताया जाता है कि भगवान श्रीराम ने दण्डकारण्य वन में कोदंड धनुष का निर्माण किया था। वनवास के दौरान रावण ने मां सीता का हरण कर लिया था। उस दौरान भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान ने मां सीता का पता लगाया था। लंका नरेश रावण ने मां सीता को अशोक वाटिका में रखा था। लंकापति रावण हनुमान के बल से भलीभांति परिचित था। इसका वर्णन रामचरित मानस में भी मिलता है। वानर सेना की सहायता से श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर मां जानकी को मुक्त कराया था। युद्ध के दौरान लंकापति रावण के पुत्र मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण मूर्छित हो गए। थे। तब लंका के वैद्य सुषेण के कहने पर हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण जी के प्राणों की रक्षा की थी। संजीवनी बूटी द्रोणागिरि पर्वत पर मिली थी।

### द्रोणागिरी पर्वत

जब मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तो वह लक्ष्मण के पास आए और उनको उठाने का प्रयास करने लगे। इसमें जब इंद्रजीत को सफलता नहीं मिली, तो हनुमान जी ने अपनी गदा के प्रहार से मेघनाथ के बल को भंग कर दिया। फिर हनुमान जी लक्ष्मण को लेकर प्रभु श्रीराम के पास पहुंचे और लक्ष्मण को मूर्छित देखकर श्रीराम विलाप करने लगे। श्रीराम को विलाप करते देख विभीषण ने उनको सुषेण वैद्य से संपर्क करने के लिए कहा। सुषेण वैद्य की सलाह पर हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने के लिए द्रोणागिरि पर्वत पर पहुंचे। इस दौरान जब हनुमान जी को संजीवनी बूटी नहीं मिली, तो उन्होंने पूरा द्रोणागिरि पर्वत उठा लिया और लंका पहुंच गए। इस तरह से संजीवनी बूटी से लक्ष्मण जी को नवजीवन मिला।

## सेहत

### ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मददगार है मेथीदाना की चाय

अधिकतर लोगों के दिन की शुरूआत चाय के साथ होती है। चायपत्ती, चीनी और दूध की मदद से बनने वाली चाय को अक्सर सेहत के लिए काफी नुकसानदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप अपनी सेहत का ख्याल रखते हुए चाय का सेवन करना चाहते हैं तो ऐसे में आप मेथी की चाय का सेवन करें। मेथी के बीजों से बनी इस चाय से आपकी सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं। खासतौर से, अगर आपको डायबिटीज की शिकायत है तो आपको मेथी की चाय का सेवन जरूर करना चाहिए। यह आपके ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने में मददगार है। साथ ही साथ, ब्लड शुगर स्पाइक और क्रैश ना होने के कारण आपको अपना एनर्जी लेवल बनाए रखने में भी काफी मदद मिलती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि मेथी की चाय ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में किस तरह मददगार है-

**इंसुलिन सेंसेटिविटी में होता है सुधार**

मेथी की चाय पीने से इंसुलिन सेंसेटिविटी में सुधार होता है। दरअसल, मेथी के बीजों में ट्राइगोनेलिन और 4-हाइड्रॉक्सीसोल्यूसीन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं। ये कंपाउंड आपके शरीर द्वारा इंसुलिन का उपयोग करने के तरीके को बेहतर बनाते हैं, जिससे ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करना अधिक आसान हो जाता है।

**फाइबर से भरपूर**

मेथी के बीजों में सॉल्यूबल फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। जिसका अर्थ है कि यह कार्बोहाइड्रेट के पाचन और अवशोषण को धीमा कर देते हैं। इससे आपको खाना खाने के बाद एकदम से ब्लड शुगर लेवल के स्पाइक होने की शिकायत नहीं होती है।

**शरीर को इंसुलिन बनाने में करे मदद**

मेथी की चाय पीना डायबिटीज रोगियों के लिए इसलिए भी लाभकारी माना गया है, क्योंकि मेथी के बीज आपके शरीर के इंसुलिन बनाने वाले अंग अर्थात अग्न्याशय को अधिक इंसुलिन बनाने में मदद कर सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

जिला स्तरीय एनएचएम चौकीदार नियुक्ति परीक्षा

# परीक्षा को सुचारू और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गये : उपायुक्त

## उपायुक्त हेमंत सती ने किया परीक्षा केंद्रो का निरीक्षणं



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** चौकीदार नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त हेमंत सती ने संत जेवियर्स विद्यालय हिन्दी माध्यम नगर पालिका कन्या उच्च विद्यालय प्रोविडेंस विद्यालय संत जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अभ्यर्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण उपायुक्त हेमंत सती ने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होकर परीक्षा की सुचारू प्रक्रिया सुनिश्चित की। उन्होंने विभिन्न परीक्षा केंद्रों में जाकर परीक्षा हॉल सुरक्षा व्यवस्था बैठने की व्यवस्था और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति की जांच की। सुरक्षा व्यवस्था परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल को तैनात किया गया था ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि न हो। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य प्रतिबंधित सामग्री पर पूरी तरह से रोक लगाई गई थी।

अभ्यर्थियों के लिए विशेष सुविधाएं अभ्यर्थियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया। परीक्षा केंद्रों पर पीने के पानी, बैठने की आरामदायक व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं का इंतजाम किया गया था। पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो। किसी भी प्रकार की धांधली को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने परीक्षा आयोजन से जुड़े सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं।अभ्यर्थियों का उत्साह परीक्षा में भाग लेने आए अभ्यर्थियों में भी काफी उत्साह देखा गया। विभिन्न गांवों और शहरों से आए प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया। अभ्यर्थियों ने प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की और परीक्षा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बताया।उपायुक्त कहा की परीक्षा के बाद उपायुक्त हेमंत सती ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, परीक्षा प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। हमारा प्रयास है कि योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो और जिला प्रशासन को सक्षम एनएचएम चौकीदार मिले।

## सोलर लाइटों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : उपायुक्त

**साहिबगंज :** जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न छाया इलाकों में सोलर लाइट का अधिष्ठापन कराया गया है ताकि लोगों को बेहतर रोशनी और सुरक्षा प्रदान की जा सके। हालांकि, मिली जानकारी के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इन सोलर लाइटों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए आम जनता से अपील की है कि वे इन सार्वजनिक संसाधनों को नुकसान न पहुंचाएं। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सोलर लाइटें सार्वजनिक सुविधा के लिए लगाई गई हैं । इनका नुकसान पूरे समाज के लिए हानिकारक है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति सोलर लाइट को क्षतिग्रस्त करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है और कहा है कि वे इस तरह की घटनाओं की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। जिला प्रशासन का यह कदम पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।

न्यूज IN ब्रीफ

## स्कॉर्पियो व बाइक की आमने सामने की टक्कर में युवक घायल



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा- सिरासिन आरईओ मुख्य सड़क पर कटहलबाड़ी लक्ष्मी मंदिर के पास स्कॉर्पियो व बाइक के आमने सामने जोरदार भिडंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। आनन फानन में स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को इलाज के लिए उधवा एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार एक लाल रंग के अपाची आरटीआर जेएच 18 पी 7757 पर सवार होकर एक युवक उधवा से राधानगर दिशा की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था। इसी दौरान कटहलबाड़ी लक्ष्मी मंदिर के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक के आमने सामने जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक तेज रफ्तार से राधानगर की ओर जा रहा था। तीखा मोड़ होने के कारण उक्त युवक विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो के नीचे आ गया। हादसे में स्कॉर्पियो उसके कमर से पार होकर भागने में कामयाब रहा। आसपास के लोगों ने थोड़ी दूर तक स्कॉर्पियो का पीछा भी किया लेकिन स्कॉर्पियो को पकड़ने में नाकामयाब रहे। युवक के शरीर के विभिन्न अंगों पर गहरा जख्म पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल युवक को टोटो से उधवा के एक निजी अस्पताल ले गए। घटना के समय उक्त युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को नही दी गई थी।

## सुनील झा बने चैती दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**साहिबगंज :** नगर के चैती दुर्गा मंदिर समीप हनुमान मंदिर के प्रांगण में आगामी चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया।बैठक में भव्य पूजा मनाने को लेकर कई लोगों ने अपने अपने विचार प्रकट किया।वही पूजा को लेकर एक कमिटी का गठन भी किया गया।जिसमें अध्यक्ष सुनील झा, उपाध्यक्ष गोपाल यादव,सचिव विजय कुमार सिंह,उप सचिव ऋषि कुमार चिंटू,कोषाध्यक्ष कुणाल चौधरी,उप कोषाध्यक्ष अभिषेक झा,पूजा प्रभारी मुन्ना तांती एवं ऋतिक सिंह,पूजा महाप्रबंधक नवल किशोर मंडल,पूजा संरक्षक हेमंत तांती एवं ओम जायसवाल सोशल मीडिया प्रभारी आर्यन एवं लाइसेंस प्रभारी देवव्रत सिंह को बनाया गया। वही युवा शक्ति के रूप में विवेक मंडल,अभिषेक मंडल,तनप्रीत सिंह, अंमत कुमार ठाकुर,मुकेश पासवान,दिनेश पासवान,मनीष सिंह,मनीष यादव,प्रेम मोदी, करण सन्नी यश बिट्टू राजीव रंजन यादव एवं पीयूष श्रीवास्तव का चयन किया गया।

सीनियर जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट

# छात्रपति शिवाजी तथा नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच आज



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में रविवार को सीएबी रेड, बरहरवा बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। नेताजी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए। 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान ओर 257 रन बनाया। चंदन ने 10, अनुज ने 51, मिस्टर एनर्जी ने 16, पीयूशम ने 25, अनिकेश ने 36, संजीव ने 38, जयंत ने 12 व बिष्णु ने 42 रन बनाए। सीएबी रेड बरहरवा के गेंदबाज पीयूष गुप्ता ने 4, शुभम ने 3, अमूल व जुनैद ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सीएबी रेड, बरहरवा की टीम 18.5 ओवर में 101 रन बना कर ऑल आउट हो गई। पीयूष गुप्ता ने 11, अमूल व वसीम ने 33-33 रनों की पारी खेली। नेताजी क्रिकेट क्लब के गेंदबाज मिस्टर एनर्जी ने 4, अनुज ने 2, गौरव व संजीव ने 1-1 विकेट लिए। नेताजी क्रिकेट क्लब ने 156 रनों से जीत हासिल की।नेताजी क्लब के खिलाड़ी मिस्टर एनर्जी को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने मिस्टर एनर्जी को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग सुधीर कुमार सुधा व ओंकार नाथ तिवारी एवं स्कोरिंग सागर सुमन ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सबकमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राकेश कुमार रोशन व अन्य मौजूद थे। टूर्नामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि 20 जनवरी को छात्रपति शिवाजी क्रिकेट क्लब बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन



मेट्रो रेज

**दुमका :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में तहत फुटबॉल मैच के माध्यम जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमाली ने लोगों को यह संदेश दिया कि सबको हिट एंड रन और गुड समेरियटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी होनी चाहिए गोल्डन हावर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में सोचें नहीं , पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है, ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के द्वारा आपको हक मिलता है जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है और किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे । गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक आपको सम्मानित किया जाता है साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है।

कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी वाहन स्वामी एवं वाहन चालक तथा नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

मौके पर मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार तथा नवनियुक्त मोटरयान निरीक्षक विनय किशोर देव, अरविंद तिरु, अभय टेटे, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण यथा- डा मनोज कुमार घोष, डॉ अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, प्रदीप्त मुखर्जी, मुस्ताक आलम उर्फ खोखन दा सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार,कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार, डॉ. दिलीप झा, प्राचार्य बबन कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** सड़क सुरक्षा माह 2025 के उपलक्ष्य में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत साहिबगंज जिले के प्रमुख स्थान में साइकिल चालकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें साइकिल चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के कार्यक्रम के तहत आज साहिबगंज जिले के प्रमुख स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन में साइकिल चालक जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें साइकिल चालकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई एवं सड़क पर साइकिल से यातायात करते वक्त यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया। सभी साइकिल चालकों को रिफ्लेक्टिव टैप परावर्तक पट्टी का उपयोग के बारे में बताया गया जिसे साइकिल के आगे पीछे लगाना अति आवश्यक है जिससे रात्रि अंधेरे एवं कोहरे में यातायात करते वक्त साइकिल दूसरे वाहन को नजर में आया जाये।साथ ही सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन साहिबगंज स्थित हाट बाजार में किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीण वासियों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि नेक नागरिक बनकर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद बिना किसी संकोच या बिना किसी भय के करें । क्योंकि नेक नागरिक गुड सेमीरिटर्न पॉलिसी के अंतर्गत सरकार द्वारा घायल व्यक्ति को मदद पहुंचाने पर 2000 के पुरस्कृत राशि व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सड़क सुरक्षा पंपलेट,बुकलेट आदि वितरण किया जा रहा है एवं सभी आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं ट्रैफिक नियम के बारे में जानकारी दिया जा रहा। सड़क सुरक्षा माह 2025 का कार्यक्रम सिर्फ आंकड़ों को कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को जीवन के प्रति अधिक जिम्मेदार बनने का संदेश देता है।इस मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे।

चोरी की बढ़ती घटना से लोग परेशान, प्रशासन मौन

# एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र में शटर काट कर चोरी



मेट्रो रेज


**साहिबगंज :** चोरों के अंतक से इन दिनों शहर के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि पुलिस प्रशासन की तैनाती के बावजूद चोरी होना जिला प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा है । वही दूसरी ओर जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदन शाही के बजरंगबली मंदिर के निकट एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र मे शटर काट कर चोरों द्वारा चोरी का अंजाम दिया गया । जबकि इस संबंध मे ग्रहक सेवा केन्द्र के कर्मचारी सुभाष पाल ने बताया कि हर दिन की तरह अपने केन्द्र खोलने आए तो देखा की हमारे केन्द्र का शटर काट हुआ है। मे तुरंत इसकी सूचना जीरवाबाडी थाना प्रभारी को दिया । हालांकि सूचना मिलते ही जीरवाबाडी थाना प्रभारी अपने बल दल के साथ घटना स्थल पहुच कर मामले की जाँच मे जुट गये।

## राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ का वार्षिक समारोह 16 फरवरी को




**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट मैदान में राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में जिला सचिव नंदकिशोर दास ने पिछले बैठक में लिए गये प्रस्ताव को बतलाते हुए किया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार जिला कमिटी किसी भी लाइफटाइम सदस्यों दुर्घटना राशि का अनुमोदन तभी करेगी जो सदस्य संगठन के लिए सम्पूर्ण रुप से सक्रिय होंगे।इसके लिए संगठन अपने सभी सदस्यों से संगठन के प्रति सक्रिय रूप से कार्य करने का अपील करती हैं।ऐसा नहीं होने पर इसकी जिम्मेदारी निष्क्रिय अभिकर्ता की स्वयं होगी।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी ने कहा की वार्षिक समारोह की रुपरेखा क्या होगी,संगठन के झारखंड प्रदेश कमिटी से विचार विमर्श करने के बाद बताया जायेगा।वही बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित लिया गया।बैठक में जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी,जिला सचिव नंद किशोर दास,कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार कुशवाहा,सुनील कुमार चौधरी,राकेश तिवारी,बृज मोहन केशरी,सत्य प्रकाश सिन्हा,शीला मिश्रा,आदित्या दास,अभय कुमार,नंद कुमार जयसवाल,मुकेश मिश्रा,उत्तम कुमार चांद,मुकेश कुमार गुप्ता, एवं कार्तिक महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पारिवारिक विवाद के कुल 4 मामलों का हुआ निपटारा



**दुमका :** दुमका महिला थाना में रविवार को महिला कोषांग की बैठक थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई. आयोजित बैठक में कुल 4 मामले आए थे. जिनमें से सभी पारिवारिक मामलों को निपटारा कर दिया गया. बैठक में कोषांग के सदस्य क्रमशः दुमका सदर के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार महतो, अधिवक्ता कुमार प्रभात, अधिवक्ता किरण तिवारी, अधिवक्ता वीणा सिंह, डॉ. मनोज कुमार घोष, मेडिकल अफसर डॉ. बबीता कुमारी अग्रवाल, शिक्षिका मेरीलीना मरांडी, पत्रकार शैलेंद्र कुमार सिन्हा सहित मामले के दोनों पक्षकार के लोग मौजूद थे.

# नि:शुल्क मुंह कैंसर जागरूकता शिविर संपन्न





मेट्रो रेज

**दुमका :** एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया, लायंस क्लब दुमका एवं भारती अस्पताल दुमका के तत्वावधान में निःशुल्क मुंह कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन रविवार को भारती अस्पताल दुमका में आयोजित किया गया. जागरूकता शिविर के कन्वीनर के रूप में डॉ.डी.एन. पांडेय उपस्थित थे. जागरूकता शिविर में

उपस्थित डॉक्टर तथा आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. अमिता रक्षित ने किया. उन्होंने सभी को अपना स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने के लिए कहा ' जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैंसर विशेषज्ञ (ऑकोलॉजिस्ट ) डॉ. विप्लव मिश्रा ने माउथ कैंसर के बारे में विशेष जानकारी दिया साथ ही पान, गुटका तंबाकू, सिगरेट आदि सेवन नहीं करने को कहा. उन्होंने कहा कि इससे माउथ कैंसर का अधिक संभावना है ' सर्जन डॉ. विजय कुमार एवं सर्जन डॉ. राजेश कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया और महिलाओं से अपील किया कि हर व्हाइट डिसचार्ज का निदान बच्चेदानी निकाल देना या हिस्टेक्टोमी ऑपरेशन नहीं है' कम उम्र में बिना कारण के बच्चेदानी निकालना अपराध भी है इसीलिए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है '

जागरूकता कार्यक्रम में डॉ.विजय कुमार सर्जन आई एम ए प्रेसिडेंट साहिबगंज,डॉ राजेश कुमार, डॉ अल्तमश खान जनरल मेडिसिन सह क्रिटिकल केयर, लक्सर कंपनी के डायरेक्टर इम्तियाज अहमद, फैयाज अकरम,रिजवान नासिर, डॉ. मनोज कुमार घोष, डॉ. ए.के. सिन्हा,डॉ.श्वेता स्वराज, डॉ. अमूल्य कुमार पाल, सतीश जायसवाल,मधुकर दत्त, सुनील जायसवाल, अशर्फी हॉस्पिटल के डॉक्टर के टीम एवं शुभांशु राय, प्रेसिडेंट निर्मल सेन, एजीएम नितेश तिवारी, ब्रांडिंग हेड राहुल तुरी, डिजिटल मार्केटिंग कुणाल कुमार,राहुल कुमार, लक्सर कंपनी के डायरेक्टर इम्तियाज अहमद, सुशील रिजवान ,फैयाज अकरम, रिजवान नसीर एवं भारती हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं स्टाफ के पूरा टीम सभी एंबुलेंस ड्राइवर टोटो ड्राइवर एवं स्वास्थ्य कर्मचारी सहिया व अन्य लोग मौजूद थे।

# भारत की समृद्ध लोक परंपरा, संगीत नृत्य नाटक का संगम शिल्पग्राम महोत्सव

**भारत** की समृद्ध लोक परंपरा, संगीत, नृत्य और नाटक का संगम शिल्पग्राम महोत्सव 2025 में देखने को मिल रहा है। भारत सरकार के सांस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत उत्तर पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एनईजेडसीसी) द्वारा आयोजित यह महोत्सव गुवाहाटी के पांजाबारी स्थित शिल्पग्राम परिसर में आज से शुरू हुआ और 21 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव में विभिन्न राज्यों के कलाकार पारंपरिक और शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर रहे हैं। एनईजेडसीसी के निदेशक डॉ. प्रसन्न गोगोई द्वारा रचित एक घंटे के नृत्य कार्यक्रम में मणिपुर के बसंत रास, असम का शास्त्रीय सत्रीया नृत्य, त्रिपुरा का होजागिरी, तेलंगाना का माथुरी, नगालैंड का आन्झान्टो, असम का दाउश्री देलाई, पंजाब का जिंदुआ-भांगड़ा, अरुणाचल प्रदेश का रिखामपाड़ा और जु-जु-जा-जा, गुजरात का तलवार रास, मिजोरम का चेरौ, मध्य प्रदेश का बाधाई, मेघालय का वांगाला, हरियाणा का फाग, असम का बिहू नृत्य, उड़ीसा का संबलपुरी नृत्य, सिक्किम का सिंघी छाम और मणिपुर के कलाकारों द्वारा थांग-ता नृत्य जैसे मनमोहक प्रदर्शन शामिल हैं। इसके अलावा, छात्र-





छात्राओं के अभिनय, नृत्य और नृजातीय अध्ययन व अनुसंधान केंद्र के सांस्कृतिक मंच पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुत महापुरुषीय भावनाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 'सीता हरण' और 'बाली वध' जैसे भावनात्मक नाटकों ने दर्शकों को खूब आनंदित किया।

## आईकेकेएफ ने एशियाई खो-खो महासंघ को दी आधिकारिक मान्यता




**सिंगापुर :** अंतरराष्ट्रीय खो खो महासंघ (आईकेकेएफ) ने एशियाई खो खो महासंघ को आधिकारिक मान्यता दे दी है, जो पूरे एशिया में खो खो के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 11 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने वाला यह महासंघ एशियाई क्षेत्र में इस खेल के लिए प्रमुख शासी निकाय के रूप में काम करेगा, जिसका अगला कदम इस खेल को ओलंपिक में ले जाना है। 20 दिसंबर 2024 को हुए एक ऐतिहासिक चुनाव में एशियाई खो-खो महासंघ ने अपनी नेतृत्व टीम नियुक्त की। असलम खान अध्यक्ष होंगे और एम. सदाशिवम महासचिव की भूमिका निभाएंगे। क्षितिज अग्रवाल को सह-सचिव, एम.एस. त्यागी को कोषाध्यक्ष और सान्या सिंह अग्रवाल को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। महासंघ एशिया में खो-खो को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध ग्यारह देशों के गठबंधन को एक साथ लाता है। सदस्य देशों में बांग्लादेश, भूटान, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, नेपाल, पाकिस्तान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका शामिल हैं। यह विविध सदस्यता पूरे महाद्वीप में खेल के विकास के लिए एक मजबूत आधार का प्रतिनिधित्व करती है। अंतरराष्ट्रीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने इस विकास का स्वागत करते हुए एक आधिकारिक बयान में कहा, एशियाई खो-खो महासंघ का गठन इस प्राचीन खेल को वैश्वीकरण करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है आईकेकेएफ पूरे क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए एशियाई खो-खो महासंघ की पहल का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। एशियाई खो-खो महासंघ के सह-सचिव क्षितिज अग्रवाल ने कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ टूनार्मेंट आयोजित करने से कहीं आगे तक फैला हुआ है। हम एशिया में खो-खो के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें खिलाड़ियों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ग्यारह राष्ट्रीय महासंघों से मिल रहा समर्थन पूरे एशिया में खो-खो के लिए बढ़ती रुचि को दशार्ता है, और हम ठोस कार्य योजनाओं के साथ इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार हैं। एशियाई खो-खो महासंघ जमीनी स्तर के कार्यक्रम विकसित करने, क्षेत्रीय टूनार्मेंट आयोजित करने और एथलीटों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह मान्यता पूरे एशिया में खो-खो के विकास और विकास की नींव को मजबूत करती है।



## डैनी ओल्मो चोटिल, बेनफिका के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच से बाहर

**मैड्रिड :** एफसी बार्सिलोना को चैंपियंस लीग में मंगलवार को बेनफिका के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में मिडफील्डर डैनी ओल्मो के बिना उतरना होगा। क्लब ने रविवार को पुष्टि की कि 26 वर्षीय ओल्मो को दाहिने पैर की पिंडली में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टीम से बाहर रखा गया है। बार्सिलोना ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा, ₹डैनी ओल्मो के दाहिने पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है। उनकी वापसी चोट की प्रगति पर निर्भर करेगी।₹ इस चोट के चलते ओल्मो अगले सप्ताहांत वालेंसिया के खिलाफ होने वाले ला लीगा मैच में भी उपलब्ध नहीं रहेंगे। ओल्मो ने शनिवार को गेटाफे के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मुकाबले में दूसरे हाफ में गैवी के स्थान पर मैदान में प्रवेश किया था। हालांकि, वह बार्सिलोना की मजबूत रक्षा को भेदने में नाकाम रहे और टीम को संतोषजनक प्रदर्शन नहीं मिल सका।

### चैंपियंस लीग में बार्सिलोना के लिए अहम मुकाबला

बार्सिलोना की टीम अब लिस्बन के लिए रवाना हो चुकी है। चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की करने के लिए इस मुकाबले में जीत जरूरी होगी। हार की स्थिति में टीम को 29 जनवरी को अपने अंतिम ग्रुप मैच में अटलांटा के खिलाफ घरेलू मैदान पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। ओल्मो की अनुपस्थिति टीम के लिए एक बड़ा झटका है, लेकिन बार्सिलोना बेनफिका के खिलाफ जीत के लिए अपने मजबूत खेल पर भरोसा करेगी।

## स्की जंपिंग विश्व कप: त्शोफेनिग ने पुरुष वर्ग का जीता खिताब

**एजेंसी**

**वारसॉ :** ऑस्ट्रिया के डेनियल त्शोफेनिग ने रविवार शाम पोलैंड के जाकोपेन में आयोजित एफआईएस स्की जंपिंग विश्व कप में पुरुषों की व्यक्तिगत एचएस 140 स्पर्धा का खिताब जीत लिया है।

पहले राउंड के बाद ऐसा लग रहा था कि स्लोवेनिया के एन्जे लैनिसेक ट्रॉफी जीत लेंगे क्योंकि उन्होंने 145 मीटर की छलांग लगाकर स्पष्ट बढ़त हासिल कर ली थी। हालांकि, अंतिम राउंड में, 28 वर्षीय खिलाड़ी केवल 130 मीटर ही बना पाए और चौथे स्थान पर पोडियम से चूक गए। हालांकि इसके बाद त्शोफेनिग ने अपना मौका भुनाया। पहले राउंड में 136 मीटर की छलांग लगाने के बाद, ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी ने 139.5 मीटर की छलांग लगाकर 316.7 अंकों के साथ प्रतियोगिता जीत ली। नॉर्वे के जोहान आंद्रे फोरफैंग ने 137 मीटर और 136 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जो विजेता से 7.3 अंक कम था।

ऑस्ट्रिया के जान होर्ल 136 मीटर और 140 मीटर की छलांग लगाकर 309.3 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद, त्शोफेनिग ने स्वीकार किया कि जकोपेन में विल्का क्रोकिव पहाड़ी पर उनकी जीत उनके लिए भी एक आश्चर्य थी। उन्होंने कहा, लैनिसेक ने पहली छलांग बहुत अच्छी लगाई और मुझे पता है कि वह दबाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। इसलिए, मुझे वास्तव में नहीं लगा कि मेरे पास जीतने का मौका है। मैं बस अपना काम करने के लिए, अपनी छलांग लगाने के लिए स्वतंत्र था। इससे मुझे वास्तव में इस परिणाम तक पहुँचने में मदद मिली। सीजन के विश्व कप में अपनी पाँचवीं जीत के बाद, त्शोफेनिग ने 1056 अंकों के साथ सामान्य वर्गीकरण में अपनी बढ़त को बढ़ाया। उनके हमवतन होर्ल 976 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जर्मनी के पियुस पास्के 848 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।




## वानखेड़े स्टेडियम ने मनाई स्वर्ण जयंती, सचिन तेंदुलकर ने अपने खास पलों को किया याद

**एजेंसी**

**मुंबई :** मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम ने रविवार रात संगीत, नृत्य और लेजर शो के साथ अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। इस खास मौके पर भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने स्टेडियम की समृद्ध विरासत को ट्रिब्यूट देते हुए अपने खास पलों को याद किया। सचिन ने अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा, ₹मैं 10 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मैच देखने नॉर्थ स्टैंड में आया था। हम 25 लोग थे, लेकिन टिकट 24 ही थे। मेरी ऊंचाई कम होने की वजह से मुझे चुपके से अंदर जाने दिया गया।₹ वानखेड़े पर 73 मैच खेल चुके तेंदुलकर ने 17 शतक और 23 अर्धशतकों के साथ कुल 4972 रन बनाए हैं। तेंदुलकर ने 2011 विश्व कप जीत को अपने करियर का सबसे खास पल बताया। उन्होंने कहा, ₹1983 की जीत ने मुझे प्रेरित किया था। हमने 1996 और 2003 में मौका गंवाया, लेकिन वानखेड़े पर 2011 की जीत मेरे लिए सबसे यादगार रही।

### 50 साल की ऐतिहासिक विरासत

1975 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बने इस स्टेडियम ने कई ऐतिहासिक पलों की गवाही दी है। कपिल देव की कप्तानी में 1983 विश्व कप जीत के बाद यहां टीम का सम्मान हुआ। 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप की जीत ने इस मैदान को खास पहचान दी।

### एमसीए और शरद पवार का योगदान

वानखेड़े स्टेडियम के निर्माण में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) और शरद पवार की अहम भूमिका रही। पवार ने 1960 के दशक में युवा खेल मंत्री रहते हुए इसके लिए जमीन आवंटित कराई थी। 2011 में इसका जीर्णोद्धार करके इसे नई पहचान दी गई।



### मुंबई क्रिकेट का गढ़

मुंबई क्रिकेट की पावरहाउस मानी जाने वाली टीम ने वानखेड़े पर 42 में से 26 रणजी ट्रॉफी खिताब जीते। यहां अब तक 63 अंतरराष्ट्रीय मैच (27 टेस्ट, 28 वनडे, 8 टी20) खेले गए हैं। आईपीएल और घरेलू क्रिकेट के अनगिनत मुकाबलों ने इस मैदान को और खास बना दिया है। रविवार रात आयोजित समारोह में एमसीए ने शरद पवार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। वानखेड़े स्टेडियम, जो भारत के क्रिकेट इतिहास का अभिन्न हिस्सा है, ने अपनी 50 साल की शानदार यात्रा को इस समारोह के जरिए खास बना दिया।

## विक्टर एक्सेलसन, एन से-यंग ने पुरुष और महिला वर्ग का जीता खिताब

### इंडिया ओपन 2025

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एक सप्ताह तक चले लम्बे मैचों, अप्रत्याशित जीतों और स्थानीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रविवार को इंडिया ओपन का फाइनल रोमांचक रहा, जिसमें चार शीर्ष मुकाबलों का फैसला सीधे गेमों में हुआ। विक्टर एक्सेलसन और एन से-यंग ने रविवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एक्सेलसन ने पिछले साल के उपविजेता सिंगापुर के चेउक यिउ ली को 41 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर टूनार्मेंट में अपना तीसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही उन्होंने 10 वर्षों में छह फाइनल में मलेशियाई दिग्गज ली चोंग वेई के यहां सबसे अधिक खिताब जीतने की






बराबरी कर ली। वहीं, एन ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-12, 21-9 से हराकर 2023 के बाद अपना दूसरा खिताब जीता। इस जीत के साथ ही एक्सेलसन ने सीजन के पहले मलेशिया ओपन में ली से मिली अपनी पहले दौर की हार का बदला भी ले लिया और विश्व नंबर 20 के खिलाफ अपनी जीत का रिकॉर्ड 7-2 तक

- एक्सेलसन ने पिछले साल के उपविजेता सिंगापुर के चेउक यिउ ली को 41 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर टूनार्मेंट में अपना तीसरा खिताब जीता।

पहुंचा दिया। पेरिस में जीत के बाद से दोनों ओलंपिक चैंपियनों का समय अलग-अलग रहा है, लेकिन खचाखच भरे केडी जाधव इंडोर हॉल में, उन्होंने सुपर 750 इवेंट में इसी तरह अपना दबदबा कायम किया।

जबकि एन ने महिला बैडमिंटन में अपना दबदबा बनाए रखा है। पेरिस के बाद से उनकी केवल दो हार चीन की जी यी वांग के खिलाफ आई हैं। एक्सेलसन चोटों, प्रशिक्षण और प्रेरणा से जूझ रहे हैं, यहां तक ??कि पिछले दिसंबर में साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो गए। उन्हें यहां भी अपनी लय और फॉर्म पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन डेन ने अपने अभियान को समाप्त करने का सही तरीका ढूंढ लिया। धीमी शुरूआत और अनियमितता के कारण, 2017 और 2019 के चैंपियन 2-6 से पीछे थे, फिर 7-7 से बराबरी करने से पहले, छह अंक हासिल कर 13-8 से आगे हो गए और फिर 21-16 से जीत हासिल की। पहला गेम जीतने के बाद, एक्सेलसन ने दूसरे गेम में अलग ही धमाल मचाया, गेम और खिताब जीतकर $66,500 की राशि और 11,000 रैंकिंग पॉइंट्स अपने नाम की। एन, जो पोर्नपावी से पिछले नौ मुकाबलों में कभी नहीं हारी, ने सिर्फ. 39 मिनट में अपना दबदबा 10-0 तक बढ़ाया, शुरूआत में 6-1 की बढ़त हासिल की और फिर 21-12 से जीत दर्ज की। दूसरा गेम भी अलग नहीं रहा, एन ने मैच को 21-12 पर समाप्त करने से पहले 7-1 की बढ़त बनाई, इस साल उन्होंने अपने 10 मैचों में से एक भी गेम नहीं गंवाया है। इससे पहले दिन में, एक साथ अपना तीसरा इवेंट खेल रही गैरवरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी अरिसा इगाराशी और अयाको सकुरामोटो ने दक्षिण कोरिया की किम हये-जियोंग और कोंग ही-योंग को 21-15, 21-13 से हराकर महिला युगल का खिताब जीता। पुरुष वर्ग में, मलेशिया के गोह से फी और नूर इजुद्दीन ने निर्णायक मैच में दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सेओ सेउंग जे को 21-15, 13-21, 21-16 से हराकर खिताब जीता। चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी जियांग जेन बैंग और वेई या शिन ने मिश्रित युगल में थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू की फ्रांसीसी जोड़ी को 21-18, 21-17 से हराया।

## अररिया शिक्षा विभाग के अजूबे कारनामे

# मृत और सेवानिवृत शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगकर सोशल मीडिया में चर्चा में आया अररिया शिक्षा विभाग

एजेंसी

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया शिक्षा विभाग के अजूबे कारनामे सोशल मीडिया पर इन दिनों सुर्खियों में है। अररिया जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय ने मुर्दे से भी स्पष्टीकरण मांगा है। यह सुनकर आप भी अचंभित भले ही होंगे लेकिन यह बात एक दम सच है। वही, बताया जा रहा है की बीते शुक्रवार को शिक्षा विभाग ने ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 1024 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा था। जिसमें मुर्दे व सेवानिवृत शिक्षक भी शामिल हैं और ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर सभी शिक्षकों को उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश भी दिया है और प्रतिदिन विभाग के ओर से इसका समीक्षा भी किया जा रहा है। सबसे बड़ी हैरान की बात यह है कि बताया जा रहा है पोर्टल पर सभी मृत और सेवानिवृत शिक्षक का नाम भी अपलोड है। इन शिक्षकों का नाम पोर्टल से नहीं हटाया गया है।



इतना ही नहीं अररिया जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय में मृत शिक्षकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है।

विभाग की इस घोर लापरवाही काफी चर्चा का विषय भी बन गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक डीपीओ स्थापना द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण के 45 क्रमांक पर दर्ज परमानंद ऋषिदेव, 59 क्रमांक पर दर्ज मंजूर आलम, 97 क्रमांक पर नसीम अख्तर, 324 क्रमांक विश्वबंधु ठाकुर, 327 क्रमांक पर अफसाना खातून, 339 क्रमांक पर मो. कासिम, क्रमांक 499 पर सादिक अनवर, क्रमांक 756 पर बीबी नहार, क्रमांक 942 पर अंतेश कुमार सिंह, क्रमांक 960 पर देवानंद मंडल और क्रमांक 998 पर मनोज कुमार पटवे का देहांत पिछले वर्ष 2024 में हो गया था। इसके अलावा ऐसे भी शिक्षक हैं जो सेवानिवृत हो गए हैं, उनसे भी जिला शिक्षा विभाग ने स्पष्टीकरण मांगा है। वही, डीपीओ स्थापना द्वारा पत्र निर्गत होते ही सोशल मीडिया पर अररिया जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय पर लोगों ने जमकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। कोई विभाग की लापरवाही का जमकर मजाक उड़ा रहा है तो कोई विभाग के तुगलकी फरमान की निंदा कर रहा है। सोशल मिडिया पर शिक्षक संघ के नेता जफर रहमानी ने लिखा है कि अररिया जिला शिक्षा विभाग कार्यालय ने एक ऐसा दुर्लभ रिकॉर्ड बनाया है, जो सौभाग्य अन्य जिलों को प्राप्त नहीं है। एक शिक्षक ने लिखा है कि अब कब्र से मुर्दा भी जवाब देंगे। इसी तरह कई लोग अपने-अपने तरीके से शिक्षा विभाग की कार्य शैली पर निशाना साध रहे हैं। वही, इस संदर्भ में प्राथमिक शिक्षक संघ के अररिया जिलाध्यक्ष अब्दुल कुद्दूस ने कहा की विभाग को समीक्षा के उपरांत ही इस तरह की स्पष्टीकरण की मांग करनी चाहिए। ऐसी भूल से विभाग को बचना चाहिए। इस तरह की गलती लोगों के बीच शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर चर्चा का विषय बन जाता है। पिछले चार-पांच दिनों से जिले में सर्वर की समस्या है। इस कारण बहुत सारे शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहने के बावजूद भी आनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके थे। अधिकांश शिक्षकों ने विद्यालय के पंजी पर उपस्थिति दर्ज की है।

इस संदर्भ में अररिया डीपीओ स्थापना रवि रंजन ने कहा की विद्यालय के प्रधान व बीईओ की जिम्मेदारी थी कि ऐसे शिक्षक जिनकी मौत हो चुकी है, उसकी विभाग को प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। लेकिन उन्होंने विभाग को रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराया है। जिसके चलते पोर्टल पर दर्ज शिक्षकों का नाम नहीं हटाया गया। शुक्रवार को अवलोकन में जिन शिक्षकों ने ई-शिक्षा कोष पर उपस्थिति दर्ज नहीं की थी, उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया था। विद्यालय के ऐसे प्रधानाध्यापकों जिन्होंने विभाग को मृत शिक्षकों की जानकारी नहीं दी थी, ऐसे प्रधानाध्यापक को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

## मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग पर बड़ी कार्रवाई, 5 गिरफ्तार

**मीरजापुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे निरंतर चेकिंग अभियान के दौरान मीरजापुर रेलवे स्टेशन और ट्रेन में अवैध वेंडिंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में प्लेटफॉर्म संख्या 3 और ट्रेन नंबर 12802 में बिना अधिकार पत्र के खाद्य सामग्री बेचते हुए 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर सुबह 8 बजे दो व्यक्तियों को अवैध वेंडिंग करते हुए पकड़ा गया। इसके अलावा, ट्रेन नंबर 12802 में तीन व्यक्तियों को बिना किसी वैध अनुमति के खानपान सामग्री बेचते हुए पाया गया। पूछताछ के दौरान इन सभी ने स्वीकार किया कि वे लालचवश बिना अधिकार पत्र के यह कार्य कर रहे थे। गिरफ्तार सतीश कुमार यादव निवासी थानी पट्टी, थाना विंध्याचल, अखिलेश यादव निवासी तीलई मवाद, थाना विंध्याचल, मोहम्मद सारिक निवासी जामा मस्जिद रोड, पूरब सराय, थाना कोतवाली, जिला गया, बिहार, विनोद सिंह निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना उमरी, जिला भिंड, मध्य प्रदेश, मोहम्मद तफसीर निवासी ग्राम पीर बीघा, थाना चाकद, जिला गया, बिहार के खिलाफ आरपीएफ पोस्ट मीरजापुर पर समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी अगले तीन दिन खराब रहेगा मौसम, अलर्ट जारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राज्य की ऊंची चोटियों पर बीती रात से हल्की बर्फबारी हो रही है। जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति और किन्नौर के अधिकांश हिस्सों में भी आंशिक बर्फबारी दर्ज की गई है। शिमला, मनाली और प्रदेश के मैदानी एवं मध्यवर्ती क्षेत्रों में सोमवार को घने बादल छाए हुए हैं जिससे आने वाले दिनों में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन 21, 22 व 23 जनवरी को मौसम खराब रहने का पूवार्नुमान जारी किया है।

**22 जनवरी को यलो अलर्ट, शीतलहर का कहर :** मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 22 जनवरी को राज्य के कई हिस्सों में आंधी और बिजली कड़कने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही शीतलहर की चेतावनी भी दी गई है, जिससे पर्वतीय इलाकों में रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि 24 जनवरी से मौसम साफ हो जाएगा और 24 से 26 जनवरी तक धूप खिलने की संभावना है।

**लाहौल-स्पीति में माइनस में पारा, शिमला-मनाली का तापमान सामान्य से ज्यादा :** जनजातीय क्षेत्रों में बर्फबारी के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में सोमवार को न्यूनतम तापमान -5.9 डिग्री सेल्सियस, ताबो में -4.3 डिग्री और केलंग में -1.9 डिग्री दर्ज किया गया। शिमला और मनाली में हालांकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। शिमला का पारा 8.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जो सामान्य से 5.7 डिग्री अधिक है। वहीं मनाली का न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 5.8 डिग्री अधिक है। बीते 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश के औसतन न्यूनतम तापमान में 3.8 डिग्री सेल्सियस का उछाल दर्ज किया गया है। माना जा रहा है कि मैदानी और मध्यवर्ती इलाकों में बढ़े तापमान का कारण बादल छाए रहना है।

**पर्यटन स्थलों पर फिर बिछेगी सफेद चादर**

प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों शिमला, कुफरी, नारकण्डा, मनाली, मैक्लोडगंज, कसौल और डलहौजी में बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में इन हिल स्टेशनों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी से होटल वसायियों और स्थानीय व्यापारियों को भी फायदा होने की संभावना है। इन हिल स्टेशनों में इस विंटर सीजन में लगभग सात बार बर्फबारी हुई है।

## एनडीए के साथ मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन मजबूत : सचिन पायलट

**उदयपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि एनडीए के साथ मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन पहले भी मजबूत था और आज भी मजबूत है। इसमें कोई टूट नहीं है। पायलट सोमवार को उदयपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चुनाव है। केजरीवाल सरकार को बहुत बार मौके दिल्ली की जनता ने दिए, केंद्र सरकार को कई मौके जनता ने दिए। पिछले 12 साल में दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार की वर्चस्व की लड़ाई में दिल्ली की जनता पिस रही है। कांग्रेस पार्टी एक बेहतर विकल्प बनकर सामने आई है। हम लोगों ने जनता को कुछ गारंटी दी है। जब दिल्ली में शीला दीक्षित की कांग्रेस सरकार थी तब वहां जो विकास हुआ था जनता आज उसको याद कर रही है। उन्होंने कहा कि हम मजबूती से लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी का दिल्ली में अच्छा परफॉर्मेंस रहेगा। हमने इंडिया गठबंधन की शुरूआत की थीए तब राहुल गांधी, और खड़गे सब दलों को लोकसभा चुनाव में साथ लेकर आए थे और लोकसभा चुनाव के बहुत बेहतर परिणाम आए थे। एनडीए के साथ मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन पहले भी मजबूत था और आज भी मजबूत है।



## सोपोर के जंगलों में सुरक्षाबलों का अभियान दूसरे दिन भी जारी



एजेंसी

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके के जंगलों में आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों का अभियान सोमवार को दूसरे दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने सोपोर पुलिस के साथ मिलकर रविवार शाम को जिले के जालोरा गुज्जरपति इलाके में आतंकियों के एक ठिकाने का पता लगने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच कुछ देर के लिए गोलीबारी भी हुई लेकिन बाद में बंद हो गई। रात को सुरक्षाबलों ने घेराबंदी और कड़ी कर दी। आज सुबह सुरक्षाबलों द्वारा इलाके में आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।




85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नाराय । सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव और अन्य।

## मणिपुर में असम राइफल्स ने ड्रग्स के साथ दो को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** असम राइफल्स ने मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के माता गांव क्षेत्र में एक बड़े ऑपरेशन के दौरान लगभग 62 करोड़ रुपये मूल्य के प्रतिबंधित डब्ल्यूवाई/याबा टैबलेट और ब्राउन शुगर बरामद की। असम राइफल्स ने सोमवार को बताया कि इस अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद किए गए नशीले पदार्थों में टैबलेटों और ब्राउन शुगर शामिल हैं, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में उच्च मांग रखते हैं। असम राइफल्स ने यह सफलता क्षेत्र में नशीले पदार्थों के व्यापार को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हासिल की।



# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में पहुंच गए। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी सुधार आने लगा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.11 प्रतिशत की मजबूती कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोटक महिंद्रा, विप्रो, एनटीपीसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 8.99 प्रतिशत से लेकर 0.66 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी लाइफ और टाटा मोटर्स के शेयर 3.61 प्रतिशत से लेकर 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,369 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,305 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,064 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 16 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान में और 33 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 359.20 अंक की मजबूती के साथ 76,978.53 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 135.44 अंक की मजबूती के साथ 76,754.77 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 87.20 अंक की तेजी के साथ 23,290.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 23,170.65 अंक तक आ गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 24 अंक की तेजी के साथ 23,227.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 423.49 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,619.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 108.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,203.20 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

**न्यूज IN बिजनेस**

## भारत में पहली बार 'मेड इन इंडिया' पहली बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक की पेशकश

रांची : बीएमडब्ल्यू इंडिया ने ऑटो एक्सपो 2025 में पहली बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक लॉन्च की है। इस कार को भारत में बीएमडब्ल्यू डीलरशिप्स और www.bmw.in के जरिए बुक किया जा सकता है। बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू द्वारा निर्मित पहली इलेक्ट्रिक वाहन बन गई है जो 'मेड इन इंडिया' है। ठडॅ ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से निर्मित बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस आल इलेक्ट्रिक विशेष रूप से ड्राइवट्रेन में उपलब्ध है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा,आज बीएमडब्ल्यू इंडिया ने पहली बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक के साथ भारतीय प्रीमियम ऑटोमोटिव सेगमेंट में हलचल मचा दी है। यह बड़ी है, यह एसयूवी है, यह ईवी है और यह बीएमडब्ल्यू है। बीएमडब्ल्यू एक्स 1 लॉंग व्हीलबेस ऑल इलेक्ट्रिक हर दिन आपके मनचाहे तरीके से छा जाने के लिए तैयार है। एक ही पैकेज में व्यावहारिकता और सस्टेनेबिलिटी मुहैया करने वाली यह शानदार पेशकश आपकी पहली बीएमडब्ल्यू के रूप में स्पष्ट पसंद होगी।

## मास्टर एव्री मोमेंट हर पल के मालिक बनेंद्ध रू आल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 भारत में लॉन्च हुई

**रांची** : दो दशकों से भी अधिक समय से बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने विश्व स्तर पर अपनी श्रेणी में सबसे अधिक बिकने वाले प्रीमियम मॉडल के रूप में राज किया है। यह बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ही था जिसने पहली बार प्रीमियम मिडसाइज क्लास में एसएवी सेगमेंट की स्थापना की थी और यह बीएमडब्ल्यू एक्स मॉडल की वैश्विक सफलता की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहली पीढ़ी की बीएमडब्ल्यू एक्स 3 पहला वाहन था जिसने बीएमडब्ल्यू एक्स ड्राइव इंटेलीजेंट ऑल.व्हील.ड्राइव सिस्टम की पेशकश की थी। अब अपने चैथे पीढ़ी के अवतार में ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 ने भारत में नए सिरे से प्रपोर्शन्सए आधुनिक डिजिटलीकरण और सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ भारत में प्रवेश किया विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 के लॉन्च के साथए आधुनिकताए उपस्थिति और स्पोर्टिंग फ्लेयर अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल की चैथी पीढ़ी के रूप मेंए एक्स 3एक नए युग की शुरूआत करता है। अब पहले से भी बड़ाए इसने खुद को एक दोबारा सोची समझी गई डिजाइनए असाधारण लग्जरी और नए डिजिटल कैरेक्टर के साथ फिर से खोज लिया है। लेकिन कुछ चीजें नहीं बदलती हैं . वसेर्टाइल ऑल.न्यू बीएमडब्ल्यू एक्स 3 उत्कृष्ट आल.टेरेन परपफॉर्मेंसए पावर और दक्षता प्रदान करती है। एडवेंचर आपका बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

## इच्छा शक्ति जितनी मजबूतरू नई बीएमडब्ल्यू आर 1300 जी एस एडवेंचर भारत में लॉन्च हुई सबसे बढ़िया ट्रेवल एनड्यूरो

**रांची** : नई – बीएमडब्ल्यू आर 1300 जी एस एडवेंचर भारत में लॉन्च हो गई है। यह एडवेंचर मोटरसाइकिल कंप्लीटली बिल्ट–अप यूनिट ( सीबीयू ) के रूप में उपलब्ध होगी और इसकी डिलीवरी अप्रैल 2025 से शुरू होगी।श्री विक्रम पावाहए प्रेसिडेंट और सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहाए नई बीएमडब्ल्यू आर 1300 जी एस बड़ी एडवेंचर मोटरसाइकिल्स की दुनिया में नया मानदण्ड है। नई एडवेंचर जी एस सबसे बड़ी ट्रैवल एंड्यूरो के पोर्टफोलियो में एक अजेय चट्टान है। दो दशकों से भी ज्यादा समय से फ़्लैट ट्विन बॉक्सर इंजन वाली बड़ी बीएमडब्ल्यू जी एस एडवेंचर लंबी दूरी की मोटरसाइकिल यात्राओं का पर्याय रही है। इसे कई तरह के मानक इक्विपमेंट से सुसज्जित किया गया है, यह बेहद व्यक्तिगत है और यह आपको एक शानदार मोटरसाइकिल अनुभव का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करती है।

## अपनी सीमाओं को चुनौती दें: बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने लॉन्च की नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर

**रांची** : नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर भारत में ऑटो एक्सपो 2025 के दूसरे दिन लॉन्च कर दी गई है। यह बेहद लोकप्रिय सुपर स्पोर्ट बाइक देश में कंप्लीटली बिल्ट–अप यूनिट के रूप में उपलब्ध होगी। बुकिंग्स बीएमडब्ल्यू मोटोराड डीलर नेटवर्क के माध्यम से शुरू हो चुकी है और डिलीवरी अप्रैल 2025 से शुरू होगी। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट और सीईओ, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ह्यह्यनई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर ने लगातार सुधार और सफलता की अपनी असीम चाह को जारी रखते हुए अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत बनाना जारी रखा है। यह उन रेसिंग प्रेमियों की पसंदीदा बाइक है, जो नये स्तर का रोमांच ढूंढ रहे हैं। नई बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर अपने शानदार ट्रैक परफॉर्मेंस के साथ सुपरबाइक्स का प्रतीक बन गई है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड ने एक बार फिर स्पोर्टी भावना और बीएमडब्ल्यू की विरासत पर जोर दिया है, जिसने बेहतरीन को और भी बेहतर बना दिया गया है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में अगली पीढ़ी के मोबिलिटी समाधानों को किया पेश

रांची : जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी ड्राइव.फ्यूचर सोच के साथ भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में दूसरे दिन अपनी नई तकनीकों का प्रदर्शन किया है। तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करते हुए, कंपनी ने CASE (कनेक्टेड, ऑटोनोमस, शेयर्ड और इलेक्ट्रिक) तकनीक में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इनोवेशन, स्थिरता और ग्राहक–केंद्रित पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस ब्रांड ने आधुनिक युग के लिए मोबिलिटी को बेहतर बनाने वाले व्यावहारिक समाधानों को प्रस्तुत किया। ड्राइव.फ्यूचर सोच को एक नई ऊंचाई पर ले जाते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (HEVs), प्लग–इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (PHEVs), बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (BEVs) और आंतरिक दहन इंजन (ICE) मॉडलों सहित विविध पावरट्रेन विकल्पों का प्रदर्शन किया। इसमें अत्याधुनिक बैटरी प्रबंधन प्रणाली वाले इनोवेटिव मॉडल, IM5 और IM6, प्रीमियम प्लग–इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन MG HS, भव्य रवश मॉडल ट, कॉमेट BLACKSTORM और लक्जरी MG7 ट्रॉफी एडिशन शामिल हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ राजीव चाबा ने कहा, 'हम भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में CASE तकनीकों में अपनी अग्रणी पहलों को प्रदर्शित करने के लिए उत्साहित हैं। यह मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दोहराता है। ड्राइव.फ्यूचर की हमारी दृष्टि उन्नत तकनीक का लाभ उठाकर मोबिलिटी को स्थायी, जुड़े हुए और ग्राहक–केंद्रित अनुभव में बदलने में निहित है। हम प्रौद्योगिकी जोन और विविध पावरट्रेन शोकेस के माध्यम से व्यावहारिक और स्थायी समाधान प्रदान करने के लिए सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। यह न केवल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को अधिक सुलभ बना रहे हैं ,बल्कि एक हरित, स्मार्ट और अधिक जुड़े भविष्य के साथ ड्राइविंग अनुभव को भी बढ़ा रहे हैं।

## नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक भारत में लॉन्च

**रांची** : मिनी इंडिया ने नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक को लॉन्च करने की घोषणा की है। कार कम्प्लीटली बिल्ट–अप यूनिट ( सीबीयू ) के रूप में उपलब्ध होगी और इसे देश भर के सभी मिनी अधिकृत डीलर्स के साथ–साथ ेिवचणउपदपण्पदण पर बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अप्रैल 2025 से शुरू होगी।पांचवीं पीढ़ी की मिनी कूपर एस में मिनी बॉडी लैंग्वेज एवं ओरिजिन्स के अलावा जॉन कूपर वर्क्स पैक की स्पोटीर्नेस के साथ प्रगतिशील टेक्नोलॉजी का संयोजन किया गया है। साथ में, इसमें एक नई पर्सनैलिटी और हॉलमार्क ड्राइविंग डायनैमिक्स के साथ एक इनोवेटिव पंच दिया गया है।श्री विक्रम पावह, प्रेसिडेंट और सीईओए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा, ह्यह्य नई मिनी कूपर एस जॉन कूपर वर्क्स पैक का लॉन्च, आधुनिक नवाचार के साथ सदाबहार डिजाइन को मिलाने की डप्छप् की विरासत पर जोर देता है। अपने डायनैमिक, स्पोर्टी एक्सटीरियर और विशेष जॉन कूपर वर्क्स ट्रिम के साथ, यह विशेष एडिशन शानदार ड्राइविंग का मजा देता है और प्रभावशाली पर्सनैलिटी का प्रतीक है। इंटीरियर का स्पोर्टी विवरण मोटरस्पोर्ट जुनून की अभिव्यक्ति है, जबकि अत्यधिक डिजिटल इंटरैक्टिव इंटरफेस हाई–टेक अनुभव प्रदान करते हैं। यह विशेष जॉन कूपर वर्क्स पैक मिनी के प्रसिद्ध रेसिंग जीन्स के लिए एकदम उपयुक्त सम्मान है।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,250 रुपये से लेकर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74,490 रुपये से लेकर 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 81,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 74,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 74,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## जमीन विवाद में दिनदहाड़े चली गोली, जमीन कारोबारी घायल

**लातेहार:** जिला मुख्यालय में सोमवार को आपसी जमीन विवाद में एक व्यक्ति को गोली लग गई। गोली लगने से जमीन कारोबारी सदाकत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उसे गंभीर अवस्था में लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

दरअसल। लातेहार जिला मुख्यालय स्थित दुरुआ निवासी सदाकत अंसारी स्टेशन निवासी शर्मा के परिवार से जमीन की बिक्री की थी। बाद में जमीन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। सोमवार को सदाकत अंसारी और शर्मा परिवार के बीच इसी मामले को लेकर विवाद हुआ। देखते ही देखते दोनों में भिड़ंत हो गई।

घायल के परिजनों ने बताया कि सदाकत अंसारी सोमवार को पंपुकल की ओर गए थे। यहीं पर शर्मा परिवार पहुंच गया और विवाद करते हुए सदाकत अंसारी के सिर में टांगी से वार कर दिया। जिससे सदाकत जमीन पर गिर पड़े। उसके बाद सदाकत को निशाना बनाकर गोली चला दी गई। गोली उसके पैर में लगी। इधर। गोली चलने के बाद जब आसपास के लोग वहां दौड़े तो सभी आरोपी वहां से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही पहुंची पुलिसः घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। वहीं। घायल सदाकत अंसारी को तत्काल लातेहार सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। प्रथमदृष्टया मामला जमीन विवाद का ही लग रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है। जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे।

## सड़क दुर्घटना में ड्राइवर की मौत, शव हाइवा में फंसा



**लातेहार :** जिले में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ है। बारियातू थाना क्षेत्र के बरनी यादव पेट्रोल पंप के पास एनएच-22 पर दो हाईवा में टक्कर हो गई। हादसे में एक चालक की मौत हो गई। जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल है। मृतक की पहचान केरेडारी निवासी मोहम्मद सोहैल अंसारी के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है। जिसे बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों परखच्चे उड़ गये। सोहैल का शव हाईवा में फंस गया था। जिसे जेसीबी और हाइड्रा मशीन की मदद से बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार। एक हाईवा केडी पांडु से कोयला लेकर टोरी साइडिंग जा रहा था। जबकि दूसरा वाहन टोरी साइडिंग से खाली होकर केडी की ओर लौट रहा था। तभी यह हादसा हुआ।

## मेधा डेयरी किसानों की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न, समस्याओं के समाधान की मांग



**मांडरः** झारखंड राज्य दुग्ध उत्पादक संघ मेधा डेयरी के किसानों की राज्य स्तरीय बैठक मांडर प्रखंड के सोसई आश्रम मैदान में आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता विशेश्वर शाही ने की। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए लगभग 500 किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में किसानों ने अपनी समस्याओं को उठाते हुए बताया कि ₹वेरिएशन₹ के नाम पर प्रबंधन द्वारा उनके भुगतान से पैसे काटे जा रहे हैं। इस निर्णय के प्रति किसानों में भारी आक्रोश देखा गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 जनवरी को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मेधा डेयरी प्रबंधन से मुलाकात करेगा और इस मुद्दे को उनके समक्ष रखेगा। किसानों ने मांग की है कि वेरिएशन के नाम पर पैसा काटने की प्रक्रिया को तुरंत बंद किया जाए।

बैठक में पलामू। लोहरदगा। देवघर। गुमला। गढ़वा। हजारीबाग। गोड्डा। रामगढ़ और दुमका जिलों के किसान प्रतिनिधि शामिल हुए। इस आयोजन का संचालन सुजीत शाही ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन जावेद अंसारी ने दिया।

मौके पर विनोद सिंह। भानु महतो। इंद्रदेव महतो समेत कई वरिष्ठ किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में किसानों की एकता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई गई।

## स्वांग में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन



**गोमिया :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत के महावीर स्थान में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। रविवार को मंदिर परिसर से यज्ञ को सफल बनाने के लिए प्रचार वाहन रवाना किया गया। यज्ञ आचार्य संजय पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद प्रचार वाहन रवाना हुआ। इस दौरान मंदिर समिति के लोग सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर आचार्य संजय पांडेय ने बताया कि महायज्ञ के दौरान वृंदावन से पधारे कथा वाचिका साध्वी लक्ष्मी रामायणी द्वारा कथा प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद चौधरी, सानू सिंह। बिट्टू रवानी, चिंटू हाडी, विक्रम विश्वकर्मा, रमेश चौहान, गौतम पासवान,गुड्डू मरार, आर्यन रवानी, संजय रवानी, गौतम सिढार समेत अन्य ग्रामिण मौजूद थे।

# गुमला के जंगलों में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

संवाददाता

**गुमलाः** जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में रविवार देर रात आपराधिक गुट और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ अभी भी जारी है। एक अपराधी को गोली लगने की खबर है। पुलिस ने एके 47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

बता दें कि गुमला में अपराधी गिरोह झांगुर और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। इसकी पुष्टि करते हुए गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना



मिली थी कि रामदेव अपने गिरोह के कुछ लोगों के साथ देवरागानी जंगल क्षेत्र में पहुंचा है। जिसके बाद टीम का गठन करते हुए आईआरबी के कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां पर सर्च अभियान के दौरान फायरिंग शुरू हो गई।

अभी भी जंगल की घेराबंदी पुलिस के द्वारा की गई है। पुलिस को भारी पड़ता देख झांगुर गुट के अपराधी घने जंगलों का आश्रय लिए हुए हैं। वहीं। एक अपराधी को गोली लगने की भी सूचना है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस दौरान पुलिस ने एके 47 सहित भारी मात्रा में हथियार और गोली बरामद की है और लगातार कार्रवाई जारी है। इस अभियान में घाघरा। गुमला व बिशुनपुर थाना की भी पुलिस लगी है। बताते चलें कि रामदेव झांगुर गुट का सुप्रीमो पुलिस के टारगेट में पिछले कई वर्षों से है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही थी। लेकिन वह हमेशा पुलिस के चंगुल में आते आते भाग निकलने में सफल रहता है।

# युवा लायंस फोर्स का वन भोज सह मिलन समारोह 12 फरवरी को

**बोकारो :** युवा लायंस फोर्स की बैठक आवासीय कार्यालय बोदरो में हुई । जिसकी अध्यक्षता बिजय दास और संचालन संजय शर्मा ने ककिया। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा शामिल हुए । सैकड़ो युवाओं । मजदूरों। समाजसेवियो। एवं युवा लायंस फोर्स के नेता और कार्यकर्ताओं के सर्वसम्मति से 12 फरवरी दिन बुधवार को बोदरो मे युवा लायंस फोर्स का वनभोज सह मिलन समारोह निर्धारित किया गया । इसी दिन के साथ युवा लायंस फोर्स का सदस्यता अभियान कीभी शुरूआत भी की जायेगी। । देव शर्मा ने कहा कि युवा लायंस फोर्स एक सामाजिक



संगठन है जिसमें बोकारो जिला शहरी। ग्रामीण सेक्टर ,चास चंदनक्यारी समेत ज़िले के सभी विधानसभा में सक्रिय सदस्य हैं । यह संगठन बेरोजगार एवं मजदूर वर्ग के लोगों के साथ हमेशा खड़ी रहती है साथ ही समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करती है जिसमें हजारों के तादाद में मजदूर । युवा। एवं समाजसेवी शामिल होते हैं। आज बैठक में युवा नेता देव शर्मा ने कहा कि मैं दिन-रात दबे कुचले एवं मजदूर वर्ग के लोगों के लिए खड़ा रहता हूं और आगे भी रहूंगा। हमारे संगठन 15 वर्षों से हर क्षेत्र में सक्रिय रहा है इसी का परिणाम है कि आज हजारों बेरोजगार युवाओं को युवा लाइंस फोर्स ने रोजगार दिलाने का काम किया है। राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी है । मजदूर एवं बेरोजगार लोगों के लिए एक बड़ा ही अवसर का वर्ष होगा 2025 । श्री शर्मा ने कहा मजदूर को न्याय एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए। इस वर्ष में सुनियोजित ढंग से आंदोलन करूंगा एवं हजारों युवाओं को रोजगार दिलाने का हर संभव प्रयास करूंगा । मौके पर सैकड़ो युवा लायंस फोर्स के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नेशनल योगासन प्रतियोगिता

## डिवाइन योगा अकेडमी, झारखण्ड को मिले दो स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक



मेट्रो रेज

**बोलपुरः** शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल के विवेकानंद आश्रम में स्वामी विवेकानंद योग समिति और लीव इन फीट के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ओपन नेशनल योगासन प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी 2025 को किया गया।

प्रतियोगिता में डिवाइन योगा अकेडमी झारखंड के प्रतिभागियों को दो स्वर्ण एक रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

टीम में जगदीश सिंह, प्रदीप कुंभकार, शत्रुघन कुमार एवं संदीप कुमार ठाकुर शामिल थे।

जगदीश सिंह टीम के कप्तान एवं कोच थे। विजयी टीम के रांची वापस आने पर डिवाइन योगा अकेडमी की डायरेक्टर डॉ परिणीता सिंह ने रांची रेलवे स्टेशन में टीम का स्वागत किया और उन्हें ढेरो बधाईया दी और साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**परिणाम**

**ग्रुप एफ**

**प्रदीप कुंभकार :** प्रथम

**शत्रुघन कुमार :** द्वितीय

**संदीप कुमार ठाकुर :** तृतीय

**ग्रुप जी**

**जगदीश सिंह :** प्रथम

## अनियमितता को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक से मिले पीएमश्री अपग्रेडेड हाई स्कूल के अध्यक्ष, सौंपा ज्ञापन



मेट्रो रेज

**रांचीः** कांके कुम्हरिया स्थित पीएम श्री अपग्रेडेड हाई स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं संयोजिका विनीता देवी के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने उपायुक्त कार्यालय स्थित जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज से उनके कक्ष में मुलाकात की। इस अवसर पर स्कूल के सैकड़ों छात्र एवं उनके अभिभावक गण मौजूद थे। सभी ने संयुक्त रूप से जिला शिक्षा अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्कूल के अध्यक्ष सिकंदर लोहारा एवं बच्चों ने स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक प्रसाद सिंह द्वारा किए जा रहे अनियमितता और दुर्व्यवहार एवं कानून का उल्लंघन करने की बात कही। ज्ञात हो कि स्कूल प्राचार्य द्वारा प्रथम वर्ग से दसवीं वर्ग तक के छात्रों को अपने कोई सगे सम्बंधियों से मिलकर स्कूल में सभी छात्रों से 100 रुपयों की राशि लेकर टाई बेल्ट और आई कार्ड बेची गई। साथ ही साथ स्कूल के चलने वाली मिड डे मील खुद मनमानी कर अध्यक्ष एवं संयोजिका को बिना कोई सूचना जानकारी दिए हुए अपने मनचाहा तरीके से खरीद कर चलते हैं जिसमें छात्रों को सही पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रही है और माह के अंतिम दिन में अध्यक्ष और संयोजिका को बुलाकर दबाव बनाकर और डरा धमकाकर मिड डे मील की राशि का भुगतान चेक के माध्यम से अपने मनचाहा दुकान में कराते हैं। इनका सबसे घटिया और नीच काम यह है कि स्कूल में मिड डे मील यूज होने वाली एल पी जी गैस छात्रों के माध्यम से अपने कार में रखवाते हैं और घर ले जाते हैं ताकि उनके घर का खाना बन सके। बच्चों अपने बात को रखते हुए कहा कि प्रधाना अध्यापक अपने पद का रोब दिखाकर कानून का उल्लंघन करते हुए शोषित , गरीब और पिछड़े वर्ग के छात्रों को जाती सूचक गाली देते हैं और अपनी पावर और औकात की बात करते हुए छात्रों को फैल और पास करने की धमकियां देते। कुछ छात्रों ने ये भी बताया कि ये डी वो और डीएससी को पॉकेट में रखने कि बात कहते हैं। एक दिव्यांग बच्चे ने कहा कि लेट से स्कूल जाने पर प्राचार्य द्वारा कोका, लंगडा बोलकर स्कूल से निकालने की धमकियां देते हैं । छात्रों ने यह भी कहा परीक्षा कूट 100 रुपए की राशि बेची जा रही है ।कुछ छात्रों में डर का माहौल भी है जिससे छात्रों ने स्कूल जाने से ये बोलते हुए इनकार कर रहे हैं और स्कूल के अध्यक्ष महोदय ने शिक्षा अधीक्षक से कहा कि दो दिनों के अंदर इन सारी बिंदुओं पर जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाए और प्राचार्य को निलंबित की जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो हम सभी स्थानीय लोग बाध्य होकर स्कूल गेट पर उग्र आनंदोलन करेंगे। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कहा कि ये मामला चिंताजनक है। सारी मुद्दा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द आरोपियों पर कार्रवाई करूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अभिभावक भोला महतो, प्रह्लाद महतो, सत्यम कुमार, अरुण उरांव साथ ही स्कूल के सैकड़ों छात्र मौजूद थे ।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह चलाया गया जागरूकता अभियान


**बोकारो :** भारत सरकार हर साल जनवरी माह में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। इसी कार्यक्रम के तहत बोकारो जिले के विभिन्न चौक चौराहो सहित अन्य स्थानों पर साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सड़क अवरोधों और राजमार्ग अवरोधों का उपयोग शामिल है। इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य लोगों के दुर्घटनाओं में शामिल होने के जोखिम को कम करना है । इन उपायों का पालन करने से दुर्घटनाओं। चोटों और संपत्ति को नुकसान की संभावना काफी कम हो जाती है।मोटरयान निरीक्षक अभय चौधरी ने बताया कि सड़क पार करने के लिए मुख्य रूप से जेबरा क्रॉसिंग। फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही सड़क पार करने के लिए शॉर्ट कट और आसान विकल्प खतरनाक हैं और इनका सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। जहां भी फुटपाथ की सुविधा हो। उसका उपयोग करें। जहां फुटपाथ की अलग से व्यवस्था नहीं है। वहां सड़क के दाईं ओर आने वाले यातायात का सामना करते हुए चलें। 7 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सड़क पर अकेले न चलने दें। यह सुनिश्चित किए बिना कि ऐसा करना सुरक्षित है। सड़क पर कदम न रखें।

## एकता कमेटी ने जरूरतंदों के बीच बांटा कंबल



**रांचीः** भारतीय एकता कमेटी सामाजिक संस्था रांची के तत्वावधान में आज सोमवार को मुख्य कार्यालय कर्बला टैंक रोड में गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों को संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने चार बैग गर्म कपड़े दिए और मिठाई खाने के पैसे भी दिए । इन लोगों को पहले भी कंबल दिया जा चुका है। गुलाम मुस्तफा ने सभी से अपील की कि इंसानियत के लिए गरीब बीमार जरूरतमंद लोगों के लिए शुभ कार्य करते रहे यह बहुत बड़ा नेक काम है।

## वाहन जांच अभियान : मोटरयान निरीक्षक ने वसूला 03.25 लाख जुर्माना



**बोकारो :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंड्राजोरा चेकपोस्ट पर परिवहन विभाग ने सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 24 वाहनों से 03.25 लाख का जुर्माना वसूल किया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर एवं मोटरयान निरीक्षक कमल किशोर द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 24 वाहन से 03.25 लाख जुर्माना वसूला गया। डीटीओ एवं एमवीआई के संयुक्त नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 76 वाहनों की जांच की गई। जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप। ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 24 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

# वन विभाग ने जंगली भैंसों की घटती संख्या बढ़ाने को लेकर शुरू किया अध्ययन

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड वन विभाग ने पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में गौर के नाम से लोकप्रिय बायसन (जंगली भैंसों) की घटती आबादी को बढ़ाने के लिए एक अध्ययन शुरू किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने दावा किया कि बाघों के भोजन का स्रोत गोजातीय भैंसा पीटीआर को छोड़कर पूरे झारखंड से विलुप्त हो चुका है। पीटीआर में केवल 50-70 जंगली भैंसे बचे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक अवैध शिकार।



संक्रमण और स्थानीय मवेशियों द्वारा उनके नैसर्गिक आवास में अतिक्रमण झारखंड से जंगली भैंसों के लुप्त होने के प्रमुख कारण हैं। राज्य वन्यजीव बोर्ड के पूर्व सदस्य डीएस श्रीवास्तव ने कहा। एक समय झारखंड के सारंडा। दलमा। हजारीबाग। गुमला और कुछ अन्य जंगलों में जंगली भैंसे बहुतायत में थे। लेकिन ये पूरे राज्य से विलुप्त हो गए। पीटीआर। मुख्य रूप से बेतला रेंज। एक मात्र अंतिम ठिकाना बचा है। जहां जंगली भैंसे हैं। लेकिन उनकी संख्या में गिरावट आ रही है।" उन्होंने आरोप लगाया कि मवेशी पीटीआर में पशु जीवन के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। उन्होंने कहा। पीटीआर के गांवों के आसपास के 1.5 लाख से अधिक पालतू मवेशियों ने जंगली भैंसों के अधिकांश स्थान पर कब्जा कर लिया है। वे जंगली भैंसों का चारा खा रहे हैं और मुंह और खुरपका जैसी कई बीमारियां भी फैला रहे हैं। वन विभाग को मवेशियों के चरने पर रोक लगाने की जरूरत है।"

पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने कहा कि वे जानवर पर प्रभाव डालने वाले कारकों का पता लगाने के लिए अध्ययन कर रहे हैं। आशुतोष ने बताया। ह्यह्यउनके व्यवहार से लेकर जीवित रहने की आवश्यकताओं तक विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया जा रहा है। ताकि उनकी संख्या बढ़ाई जा सके।" पीटीआर के क्षेत्र में कार्यरत उपनिदेशक प्रजेश जेना ने बताया। हम उन घासों की प्रजातियों का भी अध्ययन कर रहे हैं। जिन्हें वे पसंद करते हैं। उनके आवास को कैसे बेहतर बनाया जाए और उनकी संख्या कैसे बढ़ाई जाए। अध्ययन के बाद। हम उनके पुनरुद्धार के लिए एक व्यापक योजना तैयार करेंगे।" उन्होंने कहा कि 1970 के दशक में पीटीआर में करीब 150 जंगली भैंसों का निवास था। जेना ने बताया। इस समय इनकी संख्या 50 से 70 के बीच है। बाघों के दृष्टिकोण से भी इनकी संख्या बढ़ाना अहम है। सांभर और चीतल के अलावा ये बाघों के लिए भोजन का अच्छा स्रोत हैं।"